नई दिल्ली
नई दिल्ली, बुधवार 13 नवंबर 2019
मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 23, अंक : 237
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00 *

मौसम
अधि. 22.7
न्यून. 9.5

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



11 नडाल एटीपी फाइनल्स के पहले मैच में हारे

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी ब्रिक्स सम्मेलन के लिए ब्राजील रवाना



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को ब्राजील रवाना हो गए। पीएम मोदी ब्रिक्स नेताओं के साथ विविध विषयों पर व्यापक सहयोग के संबंध में चर्चा करेंगे एवं ब्रिक्स बिजनेस फोरम को भी संबोधित करेंगे। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 13-14 नवंबर को ब्राजील में आयोजित हो रहा है जिसकी थीम नवोन्मेषी भविष्य के लिए आर्थिक वृद्धि है।

### लता मंगेशकर की हालत अब भी गंभीर



**मुंबई।** सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर की तबीयत में 'मामूली सुधार' हुआ। उनकी स्थिति अब भी नाजुक बनी हुई है। 90 वर्षीय लता मंगेशकर को सोमवार तड़के ब्रीच कैंडी अस्पताल की आईसीयू में भर्ती कराया गया था। डॉक्टर पतित समधानी उनका उपचार कर रहे हैं। लता की पीआर टीम ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा कि उनकी हालत 'स्थिर' है। वहीं, अस्पताल सूत्रों के अनुसार उनकी तबियत में मामूली सुधार हुआ है लेकिन हालत गंभीर है।

### जेएनयू के छात्र 14 को मनाएंगे प्रोटेस्ट डे



**नई दिल्ली।** जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में फीस वृद्धि पर छिड़ा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। जेएनयू दीक्षांत समारोह के दिन कैंपस के बाहर छात्रों के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा की गई कार्रवाई पर अब बड़े प्रोटेस्ट की तैयारी है। जेएनयू छात्र 14 नवंबर को नेशनल प्रोटेस्ट डे के तौर पर मनाने जा रहे हैं। अब छात्रों के साथ जेएनयू शिक्षकों के अलावा विश्वभारती विश्वविद्यालय के छात्र और विभिन्न छात्र संगठन भी समर्थन में आ गए हैं।

### घाटी में तीन महीने बाद दौड़ी ट्रेन

**जम्मू।** अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद घाटी में बंद रेल सेवा लगभग तीन महीने बाद मंगलवार को शुरू कर दी गईं। फिलहाल यह सेवा श्रीनगर से बारामुला के बीच शुरू की गई हैं। इस ट्रैक पर पड़ने वाले स्टेशनों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। दक्षिणी कश्मीर में ट्रेन के शुरू होने में अभी कुछ समय लगेगा। ट्रैक पर पड़ी बर्फ को हटाने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है।

## महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लागू, शिवसेना ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

# असमंजस में कांग्रेस-एनसीपी शिवसेना के मंसूबे मंझधार में

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में मंगलवार को राजनीतिक गतिरोध के बीच राष्ट्रपति शासन लग गया। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की सिफारिश को मानते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन की घोषणा कर दी। वहीं महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लागू करने के राज्यपाल की सिफारिश के खिलाफ शिवसेना सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। शिवसेना ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि उन्हें दावा पेश करने के लिए सिर्फ 24 घंटे का समय दिया गया, जबकि बीजेपी को 48 घंटे का वक्त दिया गया था। शिवसेना ने आरोप लगाया कि राज्यपाल ने सरकार बनाने के अवसर से इनकार करने के लिए बीजेपी के इशारे पर जल्दबाजी में काम किया।

इस घटनाक्रम के बीच राकांपा, कांग्रेस और शिवसेना के शीर्ष नेताओं ने सरकार गठन को लेकर गतिरोध दूर करने और संख्या जुटाने के लिये विचार विमर्श किया। जिसके बाद एनसीपी नेता शरद पवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि हम दोबारा चुनाव नहीं चाहते हैं। हमारी तरफ से कोई कमियां नहीं, हमने प्रक्रिया शुरू ही की थी। हमने गठबंधन में चुनाव लड़ा, पहले हमारा बात करना जरूरी है। हमने कांग्रेस से बातचीत शुरू की। बातचीत पूरी होने के बाद शिवसेना से बात होगी। सरकार बनाना है या नहीं, सरकार बनाने के बाद हमारी नीति क्या होगी इस पर चर्चा जरूरी है।



### उद्धव बोले- बीजेपी ने रिश्ता तोड़ा, हमने नहीं

शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रीट्रीट होटल में अपने विधायकों से मिलने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान शिवसेना प्रमुख ने कहा कि हमने बीजेपी से रिश्ता खत्म नहीं किया है, बल्कि बीजेपी ने रिश्ता खत्म किया है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने हमें सरकार बनाने के लिए महज 24 घंटे का समय दिया जो बेहद कम समय है। कांग्रेस-एनसीपी से बात करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैंने सोमवार को पहली बार अधिकारिक तौर पर दोनों पार्टियों से बात की। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर हमारे बीच वैचारिक मतभेद हैं, इन पर बात करने के लिए ही हमें समय की जरूरत थी।

### सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस का उल्लंघन हुआः पटेल

कांग्रेस नेता अहमद पटेल ने कहा कि राष्ट्रपति शासन का फैसला लिया गया मैं इसकी आलोचना करता हूं। इसकी जरूरत नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस का उल्लंघन हुआ है। केंद्र ने कई राज्यों में मनमानी की। ये लोकतंत्र और संविधान का मजाक उड़ाने की कोशिश है। कांग्रेस को न्योता न देना गलत। एनसीपी हमारी सहयोगी है और उससे चर्चा किए बिना कुछ नहीं होगा। शिवसेना से जल्द बातचीत की कोशिश होगी। पहले कांग्रेस-एनसीपी में बात पक्की होगी।

### पीएम मोदी की अध्यक्षता में बुलाई गई बैठक

सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुलाई गई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में महाराष्ट्र के राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई। प्रदेश में केंद्रीय शासन लगाने का राष्ट्रपति से अनुरोध करने का निर्णय किया गया। कैबिनेट की बैठक के बाद प्रधानमंत्री ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए ब्राजील रवाना हो गए।

### कांग्रेस को क्यों नहीं मिला सरकार बनाने का मौकाः सुरजेवाला

कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी पर हमला बोला है। सुरजेवाला ने कहा कि महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन की सिफारिश कर राज्यपाल ने संवैधानिक प्रक्रिया का मजाक उड़ाया है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल अगर अलग अलग सभी पार्टियों को सरकार बनाने का मौका दे रहे थे, तो उन्हें कांग्रेस को भी मौका देना चाहिए था।

# दिल्ली की आबोहवा फिर हुई जहरीली, एक्यूआई 450 के पार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- मंगलवार शाम बवाना का 458, रोहिणी और वजीरपुर का वायु गुणवत्ता सूचकांक 454 किया गया दर्ज


पड़ोसी राज्यों में पराली जलने के कारण मंगलवार को दिल्ली की आबोहवा फिर जहरीली हो गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार मंगलवार को 6 बजे दिल्ली के कई इलाकों का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 450 से ऊपर दर्ज किया गया। जो कि अति गंभीर स्थिति होती है।

मंगलवार की शाम सबसे अधिक एक्यूआई दर्ज किया गया। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार बवाना का एक्यूाई 458 दर्ज किया गया वहीं रोहिणी और आरके पुरम का एक्यूआई सबसे अधिक 454 दर्ज किया गया। इसके साथ द्वारका का 453 और आनंद विहार का 450 एक्यूआई दर्ज किया गया। वहीं अन्य एक्यूआई स्टेशनों की बात करें तो सभी का एक्यूआई 400 और 450 के बीच में दर्ज किया गया जो कि गंभीर स्थिति होती है। गौरतलब है कि वायु गुणवत्ता सूचकांक 0-50 के बीच अच्छा, 51-100 के बीच संतोषजनक, 101-200 के बीच मध्यम, 201-300 के बीच खराब, 301-400 के बीच अत्यंत खराब, 401-500 के बीच गंभीर और 500 के पार बेहद गंभीर स्थिति को दर्शाता है।

### आज से फिर लागू होगा ऑड-ईवन

दिल्ली में बुधवार से फिर ऑड ईवन लागू होगा। दिल्ली सरकार की अधिसूचना के अनुसार प्रकाश पर्व के चलते दिल्ली में 11 और 12 नवंबर तक ऑड-ईवन में छूट दी गई थी। जो अवधि मंगलवार को खत्म हो रही है। अब बुधवार को फिर से दिल्ली में ऑड-ईवन योजना लागू रहेगी। बुधवार को ऑड नंबर की गाड़ियों को सड़कों पर निकलने के लिए वैध मानी जायेंगी।

# डोडा में सड़क दुर्घटना, 16 की मौत



- हादसे से जम्मू कश्मीर के मंगूटा गांव में पसरा मातम

**डोडा (जम्मू कश्मीर)।** जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को हुए सड़क हादसे में 16 लोगों के मारे जाने के बाद मंगूटा गांव में मातम पसरा हुआ है। इस हादसे के सभी मृतक मंगूटा गांव के निवासी थे। सत्रह यात्रियों को ले जा रहा वाहन मरमत के समीप सात सौ मीटर गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में केवल एक व्यक्ति जीवित बचा है जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि सभी 16 मृतक मरमत के मंगूटा गांव के निवासी थे। उन्होंने बताया कि जैसे ही दुर्घटना में हुई मौत का समाचार गांव पहुंचा, मृतकों के रोते बिलखते परिजन उनका शव लेने स्थानीय पुलिस स्टेशन पहुंचे। मृतकों में दो युवा दंपती और उनके बच्चे भी शामिल थे।

# 1807 एनजीओ, शिक्षण संस्थानों का पंजीकरण रद





- कानून का उल्लंघन करने के आरोप में गृह मंत्रालय ने कसा शिकंजा
- सभी एनजीओ और अकादमिक संस्थानों पर विदेशी धन लेने से भी लगाया गया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** कानून का उल्लंघन करते पाए गए 1,800 से अधिक गैर सरकारी संगठनों और शिक्षण संस्थानों का एफसीआरए पंजीकरण रद्द कर दिया गया है। उनके विदेशी धन प्राप्त करने पर रोक लगा दी गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

विदेशी योगदान (नियमन) कानून (एफसीआरए) के तहत जिन संस्थानों और संगठनों का पंजीकरण रद्द किया गया है, उनमें राजस्थान विश्वविद्यालय, इलाहाबाद कृषि संस्थान, यंग मेन्स क्रिश्चियन एसोसिएशन, गुजरात और स्वामी विवेकानंद एजुकेशनल सोसाइटी, कर्नाटक भी शामिल हैं। मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, एफसीआरए पंजीकरण को रद्द किए जाने के साथ ही इन सभी एनजीओ और शिक्षण संस्थानों के विदेशी धन प्राप्त करने पर रोक लगा दी गई है।

*बेअंत सिंह हत्याकांड मामला*

# केंद्र ने बलवंत की फांसी की सजा को उम्रकैद में बदला



**नई दिल्ली/चंडीगढ़।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बलवंत सिंह राजोआना की मौत की सजा को बदलकर उम्रकैद कर दिया है। बलवंत सिंह को पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के मामले में 2007 में फांसी की सजा सुनाई गई थी। पिछले महीने केंद्र ने गुरु नानक देवजी के 550वें प्रकाशोत्सव के मौके पर 9 सिख कैदियों को सजा में छूट देने का फैसला किया था। इनमें बलवंत सिंह का नाम भी शामिल था। गृह मंत्रालय ने पंजाब और चंडीगढ़ प्रशासन को इस फैसले की जानकारी दी है। चंडीगढ़ में सिविल सचिवालय के बाहर 31 अगस्त, 1995 को मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या कर दी गई थी। आतंकियों ने उनकी कार को बम से उड़ा दिया था। इस घटना में 16 अन्य लोगों की भी जान गई थी। पंजाब पुलिस के कर्मचारी दिलावर सिंह ने आत्मघाती हमलावर की भूमिका निभाई थी।

*नए नियम में प्रावधान*

# गलत आधार नंबर देने पर 10 हजार रुपये का जुर्माना



**नई दिल्ली।** करदाताओं की समस्या को दूर करने के लिए आयकर विभाग ने परमानेंट अकाउंट नंबर (पैन) की जगह आधार नंबर इस्तेमाल करने की इजाजत दी है। इस नियम का गलत इस्तेमाल करते हैं और गलत आधार नंबर देते हैं तो 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया जा सकता है। दरअसल इनकम टैक्स एक्ट, 1961 में किए गए संशोधन के मुताबिक पैन की जगह आधार नंबर का इस्तेमाल किया जा सकता है। नए संशोधन में गलत आधार नंबर पर देने पर जुर्माने का भी प्रावधान है। गौरतलब है कि यह नियम उन्हीं जगहों पर लागू होगा जहां पैन नंबर की जगह आधार नंबर का इस्तेमाल हो सकता है। जैसे- इनकम टैक्स रिटर्न भरने में, बैंक अकाउंट खोलने में या फिर 50 हजार रुपए से अधिक का बॉन्ड्स या म्युच्युअल फंड्स, बॉन्ड्स इत्यादि खरीदने पर।

## भक्ति...



पाकिस्तान के ननकाना साहिब में मंगलवार को सिख गुरु नानक देव जी के 550वीं जयंती के अवसर पर निकाले गए एक जुलूस में भाग लेते सिख श्रद्धालु।

## एक घंटे के इस टेस्ट से लड़के और लड़की के मिजाज को परख लिया जाता है

# 550 सवाल पूछकर चुनते हैं जीवनसाथी, साइकोलॉजिस्ट कर रहे मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आपकी जानकारी के बिना अगर आपका साथी अपोजिट सेक्स के अपने दोस्त या कलीग के साथ नजर आता है तो आप उन पर शक करेंगे या नहीं? क्या आप लांग टर्म रिलेशनशिप में यकीन रखते हैं? क्या कोर्ट मैरिज, अरेंज मैरिज से बेहतर है? ये बानगी है उन सवालों की, जो बेहतर दांपत्य जीवन सुनिश्चित करने के लिए होने वाले पति-पत्नी से पूछे जा रहे हैं। वर-वधू की ज्योतिष कुंडली और मेडिकल कुंडली के मिलान के साथ शहर की कई रॉयल फैमिलीज अब 'मिनेसॉटा मल्टीफेजिक पर्सनालिटी इन्वेंटरी' टेस्ट (एमएमपीआई) करा रही हैं। इसके तहत भावी पति-पत्नी के नेचर को समझने और उनके गुणों की तुलना करने के लिए साइकोलॉजिस्ट करीब 550 सवाल पूछते हैं।

### खास बातें

- भावी पति-पत्नी के नेचर को समझने का करते हैं प्रयास
- कुंडली मिलान की तरह ही इसे भी अपना रहे हैं कई परिवार

### लिवइन पार्टनर भी ले रहे साइकोथैरेपिस्ट की मदद



पहले किसी गंभीर समस्या में फंसने के बाद ही लोग साइकोलॉजिस्ट की मदद लेते थे, लेकिन नए दौर का नया ट्रेंड ये है कि समस्या पैदा ही न होने दी जाए। ये कहना है मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. एमएस होरा का। वे कहते हैं जिंदगी में कब, किस मोड़ पर क्या होगा, इसकी भविष्यवाणी करना मुश्किल है, लेकिन आपकी जिंदगी खुशहाल रहे, अपनी ओर से इसकी तमाम तैयारियां और कोशिशें तो की ही जानी चाहिए। एमएमपीआई टेस्ट इसी की एक बानगी है। जिसके जरिए कहीं न कहीं हमारी जिंदगी बेहतर होती है। शादियों के इच्छुक जोड़ों के साथ-साथ लिवइन रिलेशनशिप में रहने वाले भी इसके माध्यम से सही डिसीजन ले सकते हैं।

### एक साल में दोगुने हुए एमएमपीआई टेस्ट

साइकोथैरपिस्ट डॉ. प्रीति माथुर के मुताबिक एमएमपीआई-2 में सवालों की संख्या बढ़कर 567 तक पहुंच गई है। इनमें से ज्यादातर सवालों का जवाब ऑब्जेक्टिव टाइप में यस-नो या ट्रू-फाल्स के रूप में देना होता है। करीब एक घंटे के इस टेस्ट से लड़के और लड़की के मिजाज को काफी हद तक परख लिया जाता है। इनके आधार पर ही उनका दांपत्य जीवन सुखमय होगा या नहीं, इस बात का अंदाजा लगा लिया जाता है। कुछ दिन पहले हमने न्यूज पढ़ी कि दूसरे व्यक्ति से बात करने के चलते पति ने पत्नी पर तलवार से हमला कर दिया। इसमें लड़का जहां रुढ़िवादी विचारों का था, वहीं लड़की की परवरिश आधुनिक खुले विचारों वाले परिवार में हुई थी। इस तरह वैचारिक स्तर पर वो दोनों एक-दूसरे के लिए मिसफिट थे। अगर शादी के पहले दोनों का एमएमपीआई टेस्ट हो जाता तो दोनों की जिंदगियां खराब नहीं होतीं। इसलिए इस तरह के टेस्ट पश्चिमी देशों में आम हो गए हैं। भोपाल में भी एक साल में ही इनकी संख्या दोगुने से भी अधिक हो गई है, लेकिन फिलहाल यह ट्रेंड अपर क्लास तक ही सीमित है।

### यह टेस्ट स्वभाव समझने की वैज्ञानिक तकनीक है

साइकोलॉजिस्ट डॉ. श्रीकांत रेड्डी बताते हैं कि टेस्ट के जरिए वर या वधू के समग्र व्यक्तित्व को समझने की कोशिश की जाती है। उसकी खूबियों, खामियों के साथ-साथ उसके शौक, पेशन, जिंदगी के बारे में नजरिया, स्ट्रेस बर्दाश्त करने की सामर्थ्य, उसका सेक्सुअल इंट्रेस्ट, एडिक्शन की संभावना, इमोशनल मैच्योरिटी, सामाजिक मेलजोल, पैसे और परिवार के बारे में सोच में समानता या अंतर जैसे तमाम जरूरी पहलुओं की पूरी पड़ताल के बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचा जाता है। इसलिए ये टेस्ट बहुत कारगर साबित होता है।
क्लाइंट के नजरिए को जानने के बाद सवालों की संख्या भी कम की जा सकती है। कई बार तो आधे सवाल ही पूछे जाते हैं क्योंकि बाकी के बारे में उसके दृष्टिकोण का अंदाजा आरंभिक बातचीत में ही लग जाता है। ये किसी भी शख्स के नेचर को समझने की पूरी तरह साइंटिफिक टेक्नोलॉजी है।

## क्या आरटीआई के दायरे में आएंगे सीजेआई?

# सुप्रीम कोर्ट आज सुनाएगा फैसला



**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के कार्यालय को सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के दायरे में लाने संबंधी दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय बुधवार को फैसला सुनाएगा। सीजेआई रंजन गोगोई के नेतृत्व वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ आज अपराह्न दो बजे निर्णय सुनाएगी। पीठ के अन्य सदस्य न्यायमूर्ति एन वी रमण, न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना हैं। फैसला सुनाए जाने का नोटिस आज अपराह्न उच्चतम न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर सार्वजनिक किया गया। पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने उच्च न्यायालय और केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के आदेशों के खिलाफ 2010 में शीर्ष अदालत के महासचिव और केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी द्वारा दायर अपीलों पर गत चार अप्रैल को निर्णय सुरक्षित रख लिया था। प्रधान न्यायाधीश के नेतृत्व वाली पीठ ने सुनवाई पूरी करते हुए कहा था कि कोई भी 'अपारदर्शिता की व्यवस्था' नहीं चाहता, लेकिन पारदर्शिता के नाम पर न्यायपालिका को नष्ट नहीं किया जा सकता।

## 11 लाख रुपये के चुराये गहनें

# रेलवे स्टेशन पर मदद के बहाने लगाई चपत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ सूटकेस को कोच के गेट तक ले जाने के बहाने दिया वारदात को अंजाम

दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन पर चोरों ने बेहद शातिराना अंदाज में एक महिला की मदद के बहाने 11 लाख कीमत के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। दरअसल चोरों ने महिला को सूटकेस कोच के गेट तक ले जाने में मदद का ऑफर दिया था। पुलिस ने शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज तो कर ली है लेकिन कई घंटे बीत जाने के बाद भी चोरों का कोई सुराग नहीं लगा पाई है।


पुलिस के मुताबिक प्रिया रावत अपने परिवार के साथ जयपुर शादी अटेंड करने गई थी। जयपुर से सराय रोहिल्ला-पोरबंदर ट्रेन से वापस लौट रही थी। प्रिया के साथ उसके माता-पिता भी थे। शादी से लौट रहे थे इस कारण सामान काफी ज्यादा था। अपनी शिकायत में प्रिया ने कहा ट्रेन में ही दो लोग उनको मिले और उन्होंने सामान कोच के गेट तक पहुंचाने की बात कहीं। सामान ज्यादा था इसलिये वह भी मदद को मना नहीं कर पाई। दोनों युवक उनका सूटकेस लेकर निकले और फिर वापस ही नहीं आये। इधर जब तक प्रिया अपना सामान लेकर आगे आई तो वह दोनों गायब मिले। इसके बाद उन्होंने सूचना पुलिस को दी थी। प्रिया ने बताया कि बैग में जूलरी बॉक्स रखा था।

गहनों की कीमत 11 लाख रुपये से अधिक थी। फिलहाल पुलिस स्टेशन के सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक कर चोरों का सुराग तलाशने में जुटी है।

# दंपति 50 लाख का माल लेकर हुए फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ करोल बाग इलाके की घटना
■ कपड़ा कारोबारी को लगाया चूना
■ पीड़ित की दुकान के पड़ोस में थी आरोपियों की दुकान



प्रसाद नगर थाना इलाके में एक दंपति ने एक कपड़ा कारोबारी से 50 लाख रुपये का माल उधार लिया। माल लेने के बाद दंपति रातों-रात अपनी दुकान बंद कर फरार हो गए। कुछ दिनों तक दुकान न खुलने पर कारोबारी ने जब दंपति से संपर्क किया तो उनसे संपर्क नहीं हुआ। इसके बाद उन्हें अपने साथ धोखाधड़ी के बारे में पता चला। इस पर उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने कारोबारी संजीव लूथरा की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी दंपती महमूद अंसारी और उसकी पत्नी नूरजहां की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार, संजीव लूथरा, देव नगर में सपरिवार रहते हैं। इनका करोल बाग इलाके में कपड़ों का बड़ा कारोबार है। कुछ सालों से इनके पड़ोस में आरोपी महमूद और नूरजहां की कपड़ों की दुकान थी। आरोपी महमूद कारोबारी संजीव से उधार कपड़ा लेकर उसको तैयार कर मार्केट में सप्लाई करता था। उधार माल लेने के कुछ दिनों बाद आरोपी कारोबारी संजीव को पूरी पेमेंट कर देता था। संजीव के मुताबिक पिछले करीब चार-पांच सालों से आरोपी कारोबारी संजीव से कपड़ा लेकर अपना काम चला रहा था। इस पर संजीव को आरोपियों पर विश्वास होने लगा। इस बार आरोपियों ने कारोबारी संजीव से 50 लाख रुपये का माल क्रेडिट पर लिया। संजीव ने आरोपियों को माल दे दिया। माल लेने के बाद से ही आरोपियों की दुकान बंद थी। इस पर कारोबारी संजीव को लगा कि घर में दिक्कत होने की वजह से उन्होंने दुकान नहीं खोली होगी। कारोबारी संजीव ने आरोपी महमूद व नूरजहां से संपर्क करने का प्रयास किया तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया। छानबीन के बाद उन्हें पता चला कि माल लेने के बाद आरोपी दंपती रातों-रात अपनी दुकान बंद कर फरार हो गए। इसके बाद उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

# यातायात पुलिस ने एयरपोर्ट से एस्कॉर्ट हॉस्पिटल तक बनाया ग्रीन कॉरिडोर

■ 22 .5 किलोमीटर की दूरी 19 मिनट में की तय

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** यातायात पुलिस ने एक बार फिर ग्रीन कॉरिडोर बनाकर एक आदमी की जान बचाने में मदद की है। दरअसल एस्कॉर्ट हॉस्पिटल में भर्ती एक शख्स का छह घंटो के भीतर हार्ट ट्रांसप्लांट होना था। इसमें डॉनर की तलाश और अन्य इंतजामों में तीन घंटे का समय निकल भी चुका था। हार्ट विजयवाड़ा से आईजीआई पहुंचा। इसके बाद यातायात पुलिस ने ग्रीन कॉरिडोर बनाकर 22.5 किलोमीटर की दूरी महज 19 मिनट में तय कर हार्ट को समय पर अस्पताल पहुंचा दिया। एडिशनल सीपी यातायात सदर्न रेंज के अनुसार 11 नवंबर की रात जिस समय राजधानीवासी सो रहे थे उस समय यातायात पुलिस सड़क पर एक शख्स की जान बचाने की कवायद में जुटी थी। विजयवाड़ा से एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या 468 के जरिये 00.05 बजे हार्ट आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचा था। हार्ट को ओखला एस्कॉर्ट हॉस्पिटल पहुंचाया जाना था। यातायात पुलिस ने भारी माल वाहकों के सड़कों पर दबाव के बावजूद ग्रीन कॉरिडोर तैयार किया। एंबुलेंस हार्ट को आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 से 00.16 पर लेकर चली और 0036 पर ओखला पहुंची। 22.5 किलोमीटर की दूरी महज 19 मिनट में तय की गई।

# देशी कट्टों की करते थे तस्करी, दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ चार कट्टे और 10 कारतूस बरामद

अलीगढ़ से सस्ते दाम में देशी कट्टे खरीदकर दिल्ली-एनसीआर में महंगे दामों में बेचने वाले गिरोह के दो लोगों को साउथ डिस्ट्रिक्ट की नारकोटिक्स स्कवायड टीम ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से चार कट्टे और 10 कारतूस बरामद हुये हैं। गिरफ्तार बदमाशों के नाम महरौली निवासी सुनील और अलीगढ़ निवासी अंकित सैनी हैं। डीसीपी अतुल कुमार ठाकुर ने बताया कि 11 नवंबर को नारकोटिक्स टीम के हेड कांस्टेबल सतीश कुमार को सूचना मिली थी कि देशी हथियारों का एक सप्लायर चिराग दिल्ली फ्लाईओवर मस्जिद मोड़ के पास आने वाला है। उसके पास हथियार व कारतूस हो सकते हैं। सूचना के बाद तुरंत एसीपी उदयवीर के देखरेख व इंस्पेक्टर गिरीश कुमार के नेतृत्व में एसआई राम पाल, एएसआई राम प्रताप, विजय कुमार,हेड कांस्टेबल सतीश कुमार कांस्टेबल माला राम, जोगेंदर, संजय और बनवारी की टीम बनाई गई। फिर मस्जिद मोड़ के पास ट्रैप लगाकर दोनों तस्करों को दबोच लिया गया।

## खबर संक्षेप

### 66 वर्षीय बुजुर्ग महिला से ठगे गहने

**नई दिल्ली।** मौरिस नगर थाना इलाके में 66 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने बुजुर्ग महिला से कहा कि उनकी बहन की शादी है, उन्हें जेवरात खरीदने नही आते हैं। आप अपने जेवरात उतारकर हमें दे दो। हम आपको जेवरात के बदले में चार लाख रुपये दे देंगे। इस पर महिला उनकी बातों में आ गई और उन्होंने अपने चार सोने के कंगन और अंगूठियां उतारकर आरोपियों को दे दी। इसके बाद आरोपियों ने एक थैले में रुपये डालकर महिला को दे दिये और रिक्शे में बैठाकर उन्हें वहां से भेज दिया। इसी बीच आरोपी भी वहां से फरार हो गए। महिला ने थैला खोलकर देखा तो उसमें रुपये की जगह कागज की रद्दी थी। इसके बाद उन्हें अपने साथ ठगी का पता चला। पुलिस ने संतोष जैन (66) की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही हैं।

### युवक को चाकू मारकर किया घायल

नई दिल्ली। मंगोलपुरी थाना इलाके में शादी में गोल-गप्पे खाने को लेकर हुए झगड़े का बदला लेने के लिए दो युवकों ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर एक युवक को चाकू मार दिया। हमले में पीड़ित का दोस्त उसे बचाने आया तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। युवक को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। युवक का नाम पवन कुमार है। पुलिस ने पवन की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, पवन अपने दोस्त के साथ शादी में गया था। यहां उसका झगड़ा इलाके में रहने वाले सोनू और विक्रम से हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें शांत कर दिया। इसके बाद पवन अपने दोस्त के साथ बाइक पर घर लौटने लगा। जैसे ही वे डी ब्लॉक मंगोलपुरी पहुंचे, तभी सोनू और विक्रम ने अपने साथियों के साथ मिलकर उन्हें रोक लिया। इसके बाद आरोपी उसके साथ मारपीट करने लगे। इसी बीच एक आरोपी ने उसको चाकू मार दिया।

### कारोबारी के बैग से चोरी हुए 10 लाख रुपये

नई दिल्ली। लाहौरी गेट थाना इलाके में एक चावल कारोबारी के बैग से 10 लाख रुपये चोरी हो गए। घटना के दौरान वह सीलमपुर इलाके में एक पार्टी को पेमेंट करने जा रहे थे। पुलिस ने कारोबारी शेखर गुप्ता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। शेखर गुप्ता ने पुलिस को बताया कि सोमवार को एक दुकान पर उन्हें दस लाख रुपए की पेमेंट देनी थी। वह स्कूटी पर सवार होकर शाम करीब 4:20 बजे अपने ऑफिस से रुपये लेकर सीलमपुर जा रहे थे। पार्टी के पास पहुंचकर उन्होंने बैग खोला तो उनके होश उड़ गए। उनके बैग से 10 लाख रुपये चोरी हो चुके थे। इसके बाद उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी।

## डीयू में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष सम्मेलन आयोजित



**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ ने सोमवार को अपना पहला इंटरनेशनल स्पेस कॉन्क्लेव 21वीं सदी के लिए उभरते विज्ञान और स्पेस टेक्नोलॉजीज पर दिल्ली यूनिवर्सिटी के रामजस कॉलेज में आयोजित किया। डीआरडीओ और नासा के प्रख्यात वैज्ञानिकों और इंजीनियरों ने अपनी उपस्थिति और प्रेरक बातों से कॉन्क्लेव को और अधिक सार्थक बनाया।

# नशे के लिए रुपये न देने पर टीचर के सिर पर मारी पिस्टल की बट

■ विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित को जमकर पीटा

**नई दिल्ली।** खजूरी खास थाना इलाके में नशे के लिए रुपये न देने पर दो नशेड़ियों ने एक टीचर के सिर पर पिस्टल की बट मार दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उनकी जमकर पिटाई कर दी। बाद में आरोपी उनसे उनका पर्स लूटकर मौके से फरार हो गए। पर्स में करीब तीन हजार रुपये व महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। घटना के दौरान वह एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस उन्हें अस्पताल लेकर गई, जहां उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने योगेश कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। जानकारी के मुताबिक, योगेश कुमार, गली नंबर-29, श्री राम कॉलोनी, खजूरी खास इलाके में सपरिवार रहते हैं। परिवार में पिता सत्यपाल, पत्नी और अन्य सदस्य हैं। वह शास्त्री पार्क स्थित निगम प्रतिभा विद्यालय में टीचर है।

# जन्मदिन पर गला दबाकर ली प्रेमिका की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ होटल में जन्मदिन मनाने के दौरान हुआ था झगड़ा
■ मृतका ने अपने नाम पर किया था ओयो होटल बुक
■ पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को दबोचा



प्रेमी के जन्मदिन पर प्रेमिका ने होटल बुक कर उसे अलीपुर स्थित ओयो फ्लैगशिप होटल में बुलाया। शराब पीने के दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इस पर प्रेमी ने प्रेमिका की पिटाई करने के बाद उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मृतका का नाम आशा (33, बदला हुआ नाम) है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी विक्की (21) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अलीपुर का रहने वाला है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, आशा, खेड़ा कलां, अलीपुर में सपरिवार रहती है। मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे पुलिस को पीसीआर कॉल मिली कि एक महिला बेहोशी की हालत में अलीपुर स्थित ओयो फ्लैगशिप होटल के एक रूम में पड़ी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस आशा को लेकर अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच करने पर पुलिस को पता चला कि रूम आशा के नाम पर बुक था। सोमवार को आशा अपने प्रेमी विक्की के साथ यहां उसका जन्मदिन मनाने के लिए आई थी। शराब पीने के दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इस दौरान आरोपी ने आशा की पिटाई कर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था।

### होटल कर्मचारी को बताकर गया था आरोपी

हत्या करने के बाद आरोपी होटल के कर्मचारी को देर रात बताकर गया था कि उसे जरूरी काम से घर जाना है। वह थोड़ी देर में वापस आ जाएगा। रूम में महिला है। उनका ध्यान रखना। इसके बाद आरोपी पूरी रात होटल नहीं लौटा। सुबह करीब 10 बजे होटल कर्मचारी रूम में नाश्ता देने गए, तो उन्होंने कई बार रूम का दरवाजा खटखटाया और आवाज भी लगाई। लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद कर्मचारियों ने दूसरी चाबी से दरवाजा खोला तो उसके होश उड़ गए। अंदर एक महिला अचेत अवस्था में पड़ी हुई थी। उन्होंने तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी।

### कई बार होटल में आ चुके है दोनों

होटल कर्मचारी ने बताया कि आरोपी व मृतका करीब छह-सात बार होटल में आ चुके है। काफी देर तक रूकने के बाद वह चले जाते थे। हर बार की तरह वह सोमवार को भी आये थे और रूम नंबर-304 में रूके थे। उन्होंने रूम में तेज आवाज में गाने भी बजा रखे थे। पूछने पर उन्होंने बताया कि आज लड़के (आरोपी) का जन्मदिन है।

### शादीशुदा थी महिला

सूत्रों ने बताया कि मृतका आशा शादीशुदा है। उनको दो बच्चे हैं। सोशल मीडिया के द्वारा उसकी मुलाकात विक्की से हुई थी। वह दोनों करीब एक साल पहले ही मिले थे। आशा गृहणी है, जबकि विक्की प्राइवेट कंपनी में काम करता है।

### तीन चोरों से नौ मोबाइल बरामद

नई दिल्ली। लोधी कॉलोनी पुलिस ने तीन ऐसे बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जो बस स्टैंड और भीड़भाड़ वाले इलाकों में जेबतराशी की वारदात को अंजाम देते थे। पकड़े गये चोरों के नाम मो. अजरुद्दीन, मो. शाकिर और मो. नावेद के पास से चोरी के नौ मोबाइल फोन भी बरामद हुये है। फिलहाल पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी से तीन मामले सुलझाने का दावा किया है। पुलिस ने अजरुद्दीन को सीलमपुर मेट्रो स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी के सात मोबाइल मिले। निशानदेही पर बाकी दोनों साथियों को दबोचा गया। उनके पास से भी चोरी के दो मोबाइल बरामद हुये।

## मयूर विहार इलाके की घटना

# एटीएम कार्ड क्लोन कर खाता किया साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ खातें में थे एक लाख 51 हजार रुपये

मयूर विहार थाना इलाके में बदमाशों ने एक युवक का एटीएम कार्ड क्लोन कर उसके खाते से एक लाख 51 हजार रुपये उड़ा लिये। युवक के नंबर पर जब रुपये निकलने के मैसेज आया तो उसे हेराफेरी के बारे में पता चला। उसने तुरंत बैंक अधिकारी को फोन कर अपना एटीएम ब्लॉक कराया। जांच में पता चला कि बदमाश युवक के खाते से पूरी रकम निकाल चुके है। इसके बाद उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने विनित कुमार (25) की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस बैंक से जानकारी जुटाकर आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने का प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक, विनित कुमार, 30-ब्लॉक, त्रिलोकपुरी में सपरिवार रहता हैं। वह प्राइवेट नौकरी करता है। विनित का मयूर विहार स्थित कॉर्पोरेशन बैंक में खाता है। उसके खाते में एक लाख 51 हजार रुपये थे। गत चार नवंबर को उसके पास खाते से एक हजार रुपये निकलने का मैसेज आया। विनित ने देखा कि उसका एटीएम उसके पास है। इस पर वह बैंक गया। जांच करने पर उसके पता चला कि उसके खाते में महज 71 रुपये 38 पैसे बचे है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि उसके एटीएम को क्लोन कर किसी ने उसके खाते से रकम उड़ा ली। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।


## एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड

CIN - L65100DL1993PLC053936
पंजीकृत कार्यालय : द्वितीय तल, सेंट्रल बैंक बिल्डिंग, 13बी, नेताजी सुभाष मार्ग, दरियागंज, दिल्ली-110002
Website: www.fmecinternational.com Email:fmecinternational@gmail.com Contact: 011-43680407
30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु स्टैंडअलोन/समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

| विवरण | स्टैंडअलोन (लाखों में) | | | समेकित (लाखों में) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | समाप्त तिमाही 30.09.2019 (रु.) | समाप्त अर्ध वर्ष 30.09.2019 (रु.) | समाप्त अनुकूल 3 माह 30.09.2018 (रु.) | समाप्त तिमाही 30.09.2019 (रु.) | समाप्त अर्ध वर्ष 30.09.2019 (रु.) | समाप्त अनुकूल 3 माह 30.09.2018 (रु.) |
| | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित |
| प्रचालन से कुल आय | 11.52 | 47.96 | 37.40 | 11.52 | 47.96 | 37.40 |
| अवधि (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | 0.87 | (1.56) | 3.06 | 0.87 | (1.56) | 3.06 |
| कर से पूर्व अवधि (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | 0.87 | (1.56) | 3.06 | 0.87 | (1.56) | 3.06 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | 0.87 | (1.56) | 3.06 | 0.87 | (1.56) | 3.06 |
| अवधि [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] हेतु कुल व्यापक आय | 0.87 | (1.56) | 3.06 | 0.87 | (1.56) | 3.06 |
| इक्विटी शेयर कैपिटल (रु. 10/- प्रत्येक का प्रत्यक्ष मूल्य) | 310.07 | 310.07 | 310.07 | 310.07 | 310.07 | 310.07 |
| रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | | | | | | |
| अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) बेसिक : | 0.03 | (0.05) | 0.10 | 0.03 | (0.05) | 0.10 |
| डायल्युटेड : | 0.03 | (0.05) | 0.10 | 0.03 | (0.05) | 0.10 |
| अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों के बाद) बेसिक : | | | | | | |
| डायल्युटेड : | | | | | | |

टिप्पणी :
1. 30.09.2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु उपरोक्त अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और उसके पश्चात् 12.11.2019 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये और रिकार्ड पर लिये गये तथा वैधानिक अंकेक्षकों द्वारा समीक्षा भी कर ली गई।
2. 30.09.2019 को समाप्त तिमाही के प्रारम्भ में और की समाप्ति पर कम्पनी के निवेशकों की कोई शिकायत बकाया नहीं थी।
3. सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के अनुरूप स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार ऊपर दिया गया है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बीएसई की वेबसाइट www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www.fmecinternational.com पर उपलब्ध हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
अपूर्व बंसल
प्रबंध निदेशक
DIN : 08052540
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 12.11.2019
निवासी : ए-708, यूनेस्को अपार्टमेंट, 55 आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज शकरपुर, ईस्ट दिल्ली-1100092

## एडविक कैपिटल लिमिटेड

(पूर्व में एडविक इंडस्ट्रीज लिमिटेड के रूप में जानी जाती)
पंजीकृत कार्यालय : प्लॉट नं. 84, खसरा नं. 143/84, भू-तल, विस्तारित लाल डोरा, कंझावला, दिल्ली-110081
CIN - L65100DL1985PLC022505, Website: www.advikgroup.com/ail, Email: info@advikgroup.com, cs@advikgroup.com, Contact: 011-25952595
30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु स्टैंडअलोन/समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

| विवरण | स्टैंडअलोन (रु. लाखों में) | | | समेकित (रु. लाखों में) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | समाप्त तिमाही 30.09.2019 (रु.) | समाप्त अर्ध वर्ष 30.09.2019 (रु.) | समाप्त अनुकूल 3 माह 30.09.2018 (रु.) | समाप्त तिमाही 30.09.2019 (रु.) | समाप्त अर्ध वर्ष 30.09.2019 (रु.) | समाप्त अनुकूल 3 माह 30.09.2018 (रु.) |
| | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित |
| प्रचालन से कुल आय | | | | | | |
| अवधि (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | 5.01 | 6.03 | 4.57 | 24.42 | 29.23 | 9.57 |
| कर से पूर्व अवधि (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | 5.01 | 6.03 | 4.57 | 24.42 | 29.23 | 9.57 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | 3.71 | 4.46 | 3.39 | 18.07 | 21.63 | 7.11 |
| अवधि [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] हेतु कुल व्यापक आय | - | - | - | | | |
| इक्विटी शेयर कैपिटल (रु. 10/- प्रत्येक का प्रत्यक्ष मूल्य) | 458.74 | 458.74 | 458.74 | 608.74 | 608.74 | 608.74 |
| रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | 445.55 | 445.55 | 440.44 | 585.87 | 585.87 | 560.92 |
| अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) बेसिक : | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.02 | 0.02 | 0.01 |
| डायल्यूटेड : | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.02 | 0.02 | 0.01 |
| अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों के बाद) बेसिक : | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.02 | 0.02 | 0.01 |
| डायल्युटेड : | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.02 | 0.02 | 0.01 |

टिप्पणी :
1. 30.09.2019 को समाप्त तिमाही/अर्ध वर्ष हेतु उपरोक्त अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और उसके पश्चात् 12.11.2019 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये और रिकार्ड पर लिये गये तथा वैधानिक अंकेक्षकों द्वारा समीक्षा भी कर ली गई।
2. 30.09.2019 को समाप्त तिमाही के प्रारम्भ में और की समाप्ति पर कम्पनी के निवेशकों की कोई शिकायत अनिर्णित नहीं थी।
3. सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार ऊपर दिया गया है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बीएसई की वेबसाइट www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www.fmecinternational.com पर उपलब्ध हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
एडविक कैपिटल लिमिटेड
(पूर्व में एडविक इंडस्ट्रीज लिमिटेड के रूप में जानी जाती)
हस्ता/-
विरेन्द्र कुमार अग्रवाल
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00531255
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 12.11.2019
निवासी : एच-107, अरावली कुंज, प्लाट नं. 44, सेक्टर-13, रोहिणी, दिल्ली-110085




## खबर संक्षेप

### डीडीए ने 400 अनधिकृत कॉलोनियों के सीमांकन का काम किया पूराः गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा में नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कच्ची कॉलोनियों के नियमितिकरण को लेकर केजरीवाल सरकार को घेरते हुए कहा है कि चुनाव नजदीक आते ही अनधिकृत कॉलोनियों के रहने वालों लोगों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी कैबिनेट के प्रस्ताव पारित होने के साथ ही कॉलोनियों को पक्का करने का काम पहले ही आरंभ हो चुका है। सभी अधिकारियों को इस संबंध में मिशन मोड में काम करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। गुप्ता ने कहा कि जहां दिल्ली सरकार पिछले 5 साल में एक भी अनधिकृत कॉलोनी का सीमांकन नहीं कर पाई और इसके लिए वर्ष 2021 तक दो साल का और समय मांगा वहीं दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने मोदी सरकार द्वारा दिल्ली के 40 लाख लोगों को कॉलोनियों में मालिकाना हक देने के 10 दिन के अंदर 400 कॉलोनियों की सीमाएं तय भी कर दी हैं।

### होने लगा ठंड का एहसास दिल्ली में कोहरे की दस्तक

**नई दिल्ली।** मौसम सर्दी का है लेकिन मंगलवार को दिल्ली में इस सीजन का सबसे ठंडा दिन दर्ज हुआ। साथ ही राजधानी में सुबह के समय कोहरे की दस्तक भी दे चुका है। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में इस मौसम का सबसे कम न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं सुबह के समय में कोहरे और प्रदूषण दोनों ने मिलकर लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी। साथ ही मौसम विभाग का पूर्व अनुमान है कि अगले 3 रोज ऐसा ही मौसम रह सकता है। इसमें 14-15 नवंबर के बाद ही कुछ बदलाव आने की उम्मीद की जा सकती है। इस बारे में मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक कुलदीप श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए कहा कि अगले 3 दिन तक दिल्ली में कोहरा परेशानी बढ़ाएगा।

## धूमधाम से मना गुरुपर्व

### लगी अरदास, जगह-जगह आयोजित हुए कीर्तन और लंगर

# गुरुद्वारों में जुटी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में गुरुपर्व धार्मिक श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया और सिख पंथ के संस्थापक गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाशपर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुरुद्वारों में मत्था टेकने के लिए पहुंचे। विभिन्न आस्थाओं के लोगों ने सुबह में गुरुद्वारों में अरदास , लंगर और कीर्तन में भी हिस्सा लिया। प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारों को बिजली की झालरों और फूलों से सजाया गया था। दिल्ली के बंगला साहिब गुरुद्वारा भी रोशनी में नहाया हुआ नजर आया। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब परिसर में स्वयंसेवकों ने एक मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर स्थापित किया था जबकि आध्यात्मिक पुस्तकों वाली कुछ स्टालें भी लगाई गई थीं। गुरुद्वारे के बाहर छोले-भटूरे से लेकर गुलाब जामुन सहित विभिन्न खाने पीने की चीजों की स्टालें लगाई गई थीं। केन्द्रीय सचिवालय के समीप स्थित गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब परिसर में प्रवेश करने और बाहर निकलने वाले श्रद्धालुओं को टॉफी और चॉकलेट भी दी जा रही थीं। कई नेताओं ने भी शहर स्थित गुरुद्वारों में मत्था टेका। वहीं मोती बाग गुरुद्वारा और गुरुद्वारा शीश गंज में भी भारी संख्या में श्रद्धुल मत्था टेकने पहुंचे। प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारों में कई नेता भी मत्था टेकने पहुंचे। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बंगला साहिब गुरुद्वारे में मत्था टेका, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, योग गुरु रामदेव और शिरोमणि अकाली दल विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने गुरुद्वारा रकाबगंज गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेका। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी भी गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब पहुंचे। सिरसा ने कहा कि छह महीने से सिख समुदाय गुरु नानक देवजी के 550वें प्रकाशपर्व के उपलक्ष्य में जुलूस निकाल रहा था। मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के कई गुरुद्वारों में कार्यक्रम हुए जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। दिल्ली सिख गुरुद्वारा सदस्य कमेटी के महाप्रबंधक धरमिंदर सिंह ने कहा कि गुरु नानक देव जी के प्रकाशपर्व का जश्न जून में मास्टर तारा सिंह की 135वीं जयंती से शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि सोमवार को एक नगर कीर्तन का आयोजन किया गया था। प्रकाश पर्व पर मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद













■ **दिल्ली सरकार करतारपुर साहिब की फ्री तीर्थयात्रा करवाएगी : केजरीवाल**

केजरीवाल ने गुरुद्वारा बंगला साहिब में मत्था टेका। और इस अवसर पर गुरुद्वारे में पहुंचे लोगों को प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए कहा कि आप सभी लोगों को गुरु पर्व की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि एक अच्छी खुशखबरी यह है कि करतारपुर कॉरिडोर खुल गया है। जो भी बुजुर्ग करतारपुर साहिब के दर्शन करने जाना चाहते हैं उन सभी बुजुर्गों का इंतजाम दिल्ली सरकार मुफ्त करेगी। उन्होंने शीघ्र करतारपुर साहिब की यात्रा मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना से करायी जाएगी। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया बंगला साहिब गुरुद्वारा पहुंचे और गुरु नानक देवी जी से अरदास की। सिसोदिया ने गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब में मत्था टेक सरबत के भले की अरदास के साथ हाजिरी दी और सेवा भी की। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के विधायक जनरैल सिंह, जगदीप सिंह और अवतार सिंह कालका भी मौजूद रहे।

### निकाले गए नगर कीर्तन

प्रकाश पर्व पर विभिन्न संगतों द्वारा नगर कीर्तन निकाले गए। दिल्ली के मुखर्जी नगर स्थित परमानंद कॉलोनी में गुरु पर्व मनाया गया। इस अवसर पर धूमधाम से नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन में गुरु के भजन और गुरबाणी सुनने के लिए सैकड़ों भक्त पहुंचे। इसके साथ ही दिल्ली पंजाबी बाग, राजौरी गार्डन, तिलक नगर, चांदनी चौक आदि जगहों पर नगर कीर्तन निकाले गए। जिसमें व्यापक सुरक्षा व्यवस्था भी देखने को मिली।

### चोपड़ा पहुंचे सोनिया के घर

गुरुपर्व पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी के घर 10 जनपथ शुभकामनाएं देने पहुंचे। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता मुकेश शर्मा, पूर्व विधायक तरविंदर सिंह मारवाह सहित कई अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर चोपड़ा व मारवाह ने सोनिया गांधी को सम्मान के रूप में सिरोपा भेंट किया। इसके अलावा सोनिया को शॉल व गुरुनानक देव का एक चित्र भी भेंट किया गया।

## कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों लोगों ने यमुना में लगाई आस्था की डुबकी

**नई दिल्ली।** कार्तिक पूर्णिमा व देव दीपावली के अवसर पर मंगलवार को हजारों श्रद्धालुओं ने दिल्ली में यमुना नदी में आस्था की डूबकियां लगाई। दिल्ली से ही नहीं पड़ोसी राज्य हरियाणा के बहादुरगढ़, समालखा, सोनीपत आदि जगहों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु यमुना के विभिन्न घाटों पर स्नान करने जुटे। वहीं यमुना नदी के अलावा साफ पानी की अन्य नहरों में भी लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं के लिए पुलिस व प्रशासन की तरफ से पहले ही इंतजाम करने के दावे तो किए गए लेकिन ऐसा देखने में नहीं आया। वाहनों की लंबी कतारें व भारी भीड़ के चलते बुराड़ी पुस्ता, वजीराबाद, सोनिया विहार, घोंडा, करावल नगर, ट्रॉनिका सिटी मार्ग आदि पर यातायात जाम के हालात बने रहे। गुरू पर्व के चलते पुलिस व प्रशासन ने कार्तिक स्नान के अवसर पर यमुना में स्नान करने वालों की तरफ पूरा ध्यान नहीं दिया। जिसके चलते घाटों पर अव्यवस्था रही। लोगों ने इस बात की शिकायत भी की कि हर साल कार्तिक स्नान पर यमुना नदी में पवित्र स्नान के लिए दिल्ली व आस पास से हजारों लोग आते है बावजूद इसके दिल्ली सरकार की तरफ से ध्यान नहीं देना उचित नहीं कहा जा सकता।

## प्रदर्शन...




सोमवार को जेएनयू में प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा छात्रों पर हुए अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए आल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट आर्गेनाईजेशन। फोटो : हरिभूमि

## थरूर के खिलाफ वारंट, दिल्ली भाजपा नेता पर लगाया जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**'शिवलिंग पर बिच्छू' बयान**



दिल्ली की एक अदालत ने 'शिवलिंग पर बिच्छू' बयान के लिए कांग्रेस के नेता शशि थरूर के खिलाफ सोमवार को एक जमानती वारंट जारी किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जिक्र करते हुए 'शिवलिंग पर बिच्छू' संबंधी थरूर के कथित बयान को लेकर दर्ज एक आपराधिक मानहानि की शिकायत के सिलसिले में पेश नहीं होने पर अदालत ने यह जमानती वारंट जारी किया है। मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट नवीन कुमार कश्यप ने 27 नवंबर के लिए कांग्रेस नेता के खिलाफ वारंट जारी किया। अदालत ने यह वारंट थरूर और उनके वकील के अदालत के समक्ष उपस्थित नहीं होने पर जारी किया। मजिस्ट्रेट ने शिकायतकर्ता भाजपा की दिल्ली इकाई के नेता राजीव बब्बर पर भी अदालत के समक्ष पेश नहीं होने के लिए 500 रुपये का जुर्माना लगाया। हालांकि, एक जूनियर वकील ने बब्बर का प्रतिनिधित्व किया।

### मेले की थीम होगी 'कारोबार सुगमता', गडकरी करेंगे उद्घाटन

# 39वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रगति मैदान में 14 नवंबर से लगने वाले 39वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ-2019) में 'कारोबार सुगमता' पर विशेष जोर होगा। सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) मंत्री नितिन गडकरी मेले का उद्घाटन करेंगे। इस साल बिहार, झारखंड को फोकस राज्य जबकि अफगानिस्तान को भागीदार देश और दक्षिण कोरिया को 'फोकस देश' बनाया गया है। मेले की आयोजक संस्था भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (इटपो) की यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रगति मैदान में निर्माण कार्य जारी रहने की वजह से मेले का आयोजन स्थल छोटा होगा। प्रदर्शनी स्थल के हाल नंबर सात से लेकर 12 और 12ए तथा पांच बड़े हैंगर में प्रदर्शनी आयोजित की जायेगी। इटपो प्रवक्ता ने बताया कि अगले साल नवंबर तक प्रदर्शनी स्थल पूरी तरह तैयार हो जाने की उम्मीद है और 2020 का व्यापार मेला अब तक का सबसे बड़ा मेला होगा। इस बार मेले की मुख्य विषयवस्तु 'कारोबार सुगमता' रखी गई है। उल्लेखनीय है कि विश्व बैंक की कारोबार सुगमता रैंकिंग में भारत 63वें स्थान पर पहुंच गया है। पिछले पांच साल में भारत विश्व बैंक की कारोबार सुगमता रैंकिंग में 134वें स्थान से तेजी से आगे बढ़कर 2019 में 63वें स्थान पर पहुंच गया। वर्ष 2014 में इस रैंकिंग में भारत का स्थान 134वें पायदान पर था। वर्ष 2017 में भारत 100वें पर पहुंचा और 2019 में 63वें स्थान पर पहुंच गया। आईआईटीएफ 2019 में बिहार और झारखंड को 'फोकस राज्य' बनाया गया है जबकि अफगानिस्तान को 'भागीदार देश' और दक्षिण कोरिया को 'फोकस देश' बनाया गया है। आस्ट्रेलिया, बहरीन, भूटान, चीन, मिस्त्र, हांगकांग, ईरान सहित कई देशों की कंपनियां मेले में भाग लेंगी।

■ **मेट्रो स्टेशनों पर उपलब्ध होंगे होंगे टिकट**

### पहले पांच दिन केवल कारोबारी दर्शकों के लिए

विज्ञप्ति के अनुसार व्यापार मेले के पहले पांच दिन (14 से 18 नवंबर) केवल कारोबारी दर्शकों के लिये होंगे। व्यावसायियों के लिये प्रवेश टिकट 500 रुपये प्रति व्यक्ति जबकि पूरे सत्र का एकमुश्त टिकट 1800 रुपये होगा। आम दर्शकों के लिये 19 नवंबर से मेला खुलेगा। कार्यदिवसों के दौरान वयस्कों के लिये 60 रुपये और बच्चों का 400 रुपये का प्रवेश टिकट होगा। शनिवार, रविवार और सार्वजनिक अवकाश के दिन वयस्कों के लिये 120 रुपये और बच्चों का टिकट 60 रुपये का होगा।

### 19 से वरिष्ठ नागिरकों और दिब्यांगों के लिए प्रवेश फ्री

मेले में 19 नवंबर से वरिष्ठ नागिरकों और दिब्यांगों के लिये प्रवेश निशुल्क रखा गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि व्यापार मेले में प्रवेश केवल भैरों मार्ग से गेट नंबर एक और प्रगति मैदान मेट्रो स्टेशन के पास गेट नंबर 10 से ही होगा। प्रदर्शनी स्थल के किसी भी गेट पर टिकट की बिक्री नहीं होगी। भीड़ भाड़ और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये प्रगति मैदान के मेट्रो स्टेशन पर भी टिकट नहीं बेचे जायेंगे। हालांकि, दिल्ली के अन्य 66 मेट्रो स्टेशन पर यह उपलब्ध होंगे। इसके अलावा 'बुकमाईशो.कॉम' पर ई-टिकट लिये जा सकेंगे।

### यातायात पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

यातायात पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। मेले में प्रतिदिन 20 से 25 हजार लोगों के आने की उम्मीद है। इस वजह से इलाके में यातायात का दबाव बढ़ने की उम्मीद है। इसी के चलते कई मार्गों पर जाम की स्थिति न बनें इसके व्यापक इंतजाम किये जा रहे हैं। पुलिस ने मेले में आने वाले लोगों को मथुरा रोड़, भैरो रोड़, रिंग रोड़, शेरशाह रोड़ और पुराना किला रोड़ आदि का प्रयोग नहीं करने की सलाह दी गई है।



## खबर संक्षेप



### चैंपियनशिप में 1300 शूटर्स ने लिया हिस्सा

**फरीदाबाद।** एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज और मानव रचना द्वारा आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी शूटिंग चैंपियनशिप के पहले दिन देशभर की अलग-अलग यूनिवर्सिटीज से आए 1300 शूटर्स ने हिस्सा लिया।

### 15 को होगा दयानंद स्कूल का 50वां जयंती समारोह

**फरीदाबाद।** आर्य समाज नेहरू ग्राउंड में के. एल. मेहता दयानंद सीनियर सैकेंडरी स्कूल के वार्षिक उत्सव व 50 वर्ष पूरे होने पर जयंती समारोह को आयोजन 15 नवंबर को होगा।

### किसान सशक्तिकरण सम्मेलन आयोजित



**गुरुग्राम।** धार्मिक संस्था ब्रह्माकुमारीज द्वारा ओम शान्ति रिट्रीट सेन्टर में किसान सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कई क्षेत्रों के किसानों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। केंद्रीय पंचायत राज मंत्रालय के संयुक्त सचिव डॉ. संजीव पतजोशी ने कहा कि किसानों का कौशल विकास जरूरी है। उनकी जागरूकता के लिए समय-समय पर उन्हें आधुनिक साधन उपलब्ध होने चाहिए। संस्था आध्यात्मिक विचारों से किसानों का मनोबल बढ़ाने का सराहनीय कार्य कर रही है। दिव्यगुणों के द्वारा ही एक बेहतर समाज एवं विश्व का निर्माण कर सकते हैं। बी. प्रधान ने कहा कि प्रकृति के साथ आत्मा का सुन्दर संवाद ही वास्तव में श्रेष्ठ जीवन का आधार है। किसान वास्तव में अन्नदाता है, जिनके अथक परिश्रम से ही हमें भोजन प्राप्त होता है। बीके बृजमोहन ने कहा कि हमारी संस्कृति वास्तव में देवी-देवताओं की संस्कृति रही है।

### पैरागोन कंपनी पर 75 हजार जुर्माना

**गाजियाबाद।** नगर निगम ने मंगलवार को कंपनी से उत्सर्जित कूड़ा जलाने पर साइट-4 स्थित पैरागोन एल्युमिनियम कंपनी पर 75 हजार का जुर्माना ठोका है। इस संबंध में नगर निगम में कंपनी को यह भी आदेश दिया है कि वह जुर्माने की रकम छह दिन के अंदर जमा करा दें वरना उसे पांच हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से अतिरिक्त जुर्माना जमा करना होगा। नगर आयुक्त दिनेश चंद्र ने बताया कि मंगलवार को उन्हें दूरभाष पर नागरिकों ने सूचना दी कि साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट 4 में एक कंपनी से उत्सर्जित कूड़े को आग लगा दी गई है जिस कारण पूरे क्षेत्र में प्रदूषण का लेवल बढ़ गया है और बड़ी ही धुआं है। नगर आयुक्त ने सूचना को गंभीरता से लेते हुए वसुंधरा जोन के प्रभारी सुनील राय को तत्काल मौके पर भेजा। सुनील राय ने जाकर देखा तो कूड़े में आग लगी हुई थी।

### महिला इंजीनियर से रेप के आरोप में प्रोजेक्ट मैनेजर गिरफ्तार

**नोएडा।** शहर के एक होटल में इंजीनियर युवती से कथित तौर पर बलात्कार करने के आरोप में पुलिस ने एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर को गिरफ्तार किया है। थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक राजवीर सिंह चौहान ने मंगलवार को बताया कि पेशे से इंजीनियर युवती ने छह दिन पूर्व थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में उसने आरोप लगाया कि विवेक कुमार सिंह नामक एक युवक ने सेक्टर 19 में स्थित ओयो कंपनी के होटल में उसके साथ बलात्कार किया। मंगलवार को आरोपी विवेक को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। आरोपी शादीशुदा है और एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में प्रोजेक्ट मैनेजर है।

---

### शादी से इनकार करने पर प्रेमी ने दिया वारदात को अंजाम

# पहलवान ने की महिला ताईक्वांडो खिलाड़ी की गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

प्रेम में पागल एक पहलवान ने गुरुग्राम में एक महिला खिलाड़ी को मौत के घाट उतार दिया है। महिला ताईक्वांडो खिलाड़ी व उसके परिजनों द्वारा शादी करने से मना करने पर नाराज पहलवान ने उस खिलाड़ी की गोली मार हत्या कर दी। सनसनीखेज घटना गांव भौड़ा खुर्द में मंगलवार सुबह करीब चार बजे हुई।

दीवार फांद कर घर के अंदर घुसे युवक ने रिवाल्वर से उसकी छाती और पेट में गोली मारी और भाग निकला। युवती की मां की शिकायत पर बिलासपुर थाना पुलिस आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पटौदी क्षेत्र के भोड़ा खुर्द निवासी सरिता (25) ताइक्वांडो खिलाड़ी रही है।

वर्ष 2012 से वह इस खेल से जुड़ी हुई थी। करीब एक साल पहले वह रोहतक में एक प्रतियोगिता में भाग लेने गई हुई थी। वहीं पर सरिता की मुलाकात जिला झज्जर के गांव बामडोली निवासी सोमबीर से हुई। सोमबीर पहलवानी करता है और राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में हिस्सा ले चुका है।

पुलिस की जांच में सामने आया है कि सोमबीर पर बिलासपुर थाने में भी लड़ाई-झगड़े के मामले दर्ज है। पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए उसके ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।



- पिता की शिकायत पर पुलिस ने किया केस दर्ज
- चार साल पहले हुई थी दोनों की दोस्ती
- आरोपी पर पहले से भी मारपीट के कई मामले दर्ज है
- झज्जर के बामडोली में हुई थी दोनों की मुलाकात

#### शादी के लिए मना करते ही देने लगा धमकी

*बताते हैं कि पहली मुलाकात के बाद सोमबीर सरिता से एकतरफा प्यार करने लगा। उसने कई बार सरिता से शादी करने की बात की मगर सरिता ने मना कर दिया। वह फिर भी नहीं माना तो सरिता ने अपने परिजनों को उसकी हरकत बताई तो परिजनों ने भी शादी करने से मना कर तंग नहीं करने को कहा था। इसके बाद भी वह नहीं माना शादी करने का दबाव बनाता रहा। सरिता की मां सावित्री के अनुसार उनके द्वारा मना करने पर सोमबीर उन्हें जान से मारने सहित कई तरह की धमकियां देने लगा।*

#### गोली मारते ही हुआ फरार

गोली लगने से सरिता वहीं पर गिर पड़ी मां ने शोर मचाया तो सोमबीर वहां से फरार हो गया। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग घर के अंदर आए और घायल अवस्था में सरिता को मानेसर स्थित एक अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने सरिता को मृत घोषित कर दिया।

#### पुलिस की टीमें दे रहीं दबिश

पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन ने बताया आरोपित को पकड़ने के लिए दो पुलिस टीम लगाई गई हैं। टीमों ने कई स्थानों पर दबिश दी है, लेकिन अभी तक आरोपी पकड़ से बाहर है। उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

#### थाने में मांगी थी माफी

इस पर उन्होंने सोमबीर के खिलाफ पुलिस को कई बार शिकायत भी की गई। पुलिस उसे थाने लेकर आई तो सोमबीर ने थाने में लिखित में माफी भी मांगी व भविष्य में तंग न करने का आश्वासन भी दिया था। इसके बाद कुछ दिन तक वह शांत रहा। दो माह से वह फिर उन्हें तंग करने लगा था। सावित्री ने बताया कि सोमबीर सुबह चार बजे दीवार फांद कर उनके घर मे घुसा व सरिता से शादी करने की जिद की। घर के सभी लोग जाग गए। उनके मना करने पर उसने बरामदे में खड़ी सरिता के ऊपर गोली चला दी।

---

# वेयर हाउस समेत चार दुकानों में लगी आग



**फरीदाबाद।** सोमवार रात दो अलग-अलग स्थानों पर आग लग गई। पहली घटना सेक्टर-58 स्थित ट्रांसपोर्ट नगर की है। जहां एक टायरों के वेयर हाउस में आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं डबुआ मंडी स्थित गत रात्रि एक बजे असामाजिक तत्वों ने चार दुकानों में आग लगा दी। जिसे फायर बिग्रेड की गाड़ी ने पहुंच कर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार सोमवार रात सेक्टर-58 स्थित एमआरएफ लिमिटेड के वेयरहाउस में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते धुंआ तेजी से आसमान में फैलने लगा। जिसके बाद लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर आफिसर राजेंद्र दहिया ने बताया कि तत्काल पांच गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। आग बुझाने में करीब दो घंटे का समय लगा। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का मुख्य कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

इसके अलावा रात करीब एक बजे शरारती तत्वों ने डबुआ सब्जी मंडी के बाहर बनी छोटी-छोटी दुकानों में आग लगा दी जिससे करीब चार दुकानें जलकर खाक हो गई। पीड़ित दुकानदार राजेन्द्र, भूषण, जयसिंह ने बताया कि वह इन दुकानों में मसाले सहित अन्य सामान बेचते थे। दुकानों में आग किसने और क्यों लगाई कुछ पता नहीं चल पाया है। लोगों का आरोप है कि शरारती तत्वों ने साजिश के तहत इस तरह की घटना को अंजाम दिया है। उनका लाखों रूपए का सामान जलकर स्वाह हो गया है।

---

## सवा लाख का इनामी बदमाश पकड़ा



**गुरुग्राम।** क्राइम ब्रांच पालम विहार की टीम ने लूट, डकैती सहित कई अन्य वारदात में शामिल रहे सवा लाख रुपये के इनामी बदमाश अहमद रजा सिद्दीकी को गिरफ्तार किया है। फरार चल रहे बदमाश पर दिल्ली पुलिस द्वारा एक लाख और बिहार पुलिस द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। तमंचे के साथ पकड़े गए आरोपित द्वारा गुरुग्राम में किसी भी वारदात को अंजाम नहीं दिया था। बदमाश के खिलाफ दिल्ली में 10 और बिहार में चार मामले दर्ज हैं।

पुलिस पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसको एक मामले में दस साल की सजा हो चुकी है। जबकि नौ मामलों में वह नाम और पहचान बदलकर गिरफ्तार हुआ था। उसके बाद कोर्ट में गलत दस्तावेज दिखा कर जमानत हासिल की गई। उसके बाद से कभी पुलिस की गिरफ्त में आरोपित नहीं आया। एसीपी प्रीतपाल सांगवान ने बताया कि सोमवार रात को अपराध शाखा पालम विहार टीम ने अहमद रजा सिद्दीकी को ब्रिस्टल चौक के पास से पकड़ा। वह मूल रूप से बिहार के दरभंगा जिला को गांव विन्देखलपुरा का रहने वाला है। यहां पर पकड़े जाने से पहले वह मधुबनी जिले के गांव वाराटोल में रह रहा था। आरोपी के खिलाफ डीएलएफ फेज-1 थाने में मामला दर्ज किया गया।

## अन्तर्राष्ट्रीय सूरजकुंड हस्तशिल्प मेला की थीम स्टेट बना हिमाचल प्रदेश

**फरीदाबाद।** अगले वर्ष फरवरी माह में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेला में पर्यटक हिमाचल प्रदेश की खूबसूरत वादियों व लोक संस्कृति का दीदार करेंगे। मेला का थीम स्टेट इस बार हिमाचल प्रदेश होगा, जिसका चयन कल सोमवार को गया जबकि कंट्री पार्टनर के रूप में उज्बेकिस्तान भूमिका निभाएगा। थीम स्टेट और कंट्री पार्टनर तय होने के बाद अब हरियाणा पर्यटन निगम भी मेले के आयोजन से जुड़ी तैयारियों को गति देगा।

सूरजकुंड मेला हर साल फरवरी माह के पहले पखवाड़े में आयोजित होता है। यहां देश-विदेश से लाखों लोग इस अन्तर्राष्ट्रीय मेला देखने आते हैं।

इससे पहले हिमाचल प्रदेश 1996 में थीम स्टेट रहा था। सूरजकुंड मेले में विश्व के 50 से अधिक देश अपनी संस्कृति का प्रदर्शन करने के लिए आते हैं। देश के सभी राज्यों के कलाकार मेले में शिरकत करते हैं।




---

# धूमधाम से मनाया गया प्रकाशोत्सव

## श्रद्धालुओं ने अरदास कर सुख-समृद्धि की कामना, छका लंगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सिख समुदाय के संस्थापक गुरु नानक देव जी के 550वें जन्मदिवस पर प्रकाशोत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया गया। मंगलवार को शहर के सभी गुरुद्वारों में गुरु पर्व का आयोजन किया गया। शहर के सभी गुरुद्वारों में सब्जी मंडी स्थित बड़ा गुरुद्वारा, मदनपुरी, न्यू कालोनी, पालम विहार, डीएलएफ, साउथ सिटी, सुशांत लोक आदि क्षेत्रों स्थित गुरुद्वारों को दुल्हन की तरह सजाया गया है। गुरुद्वारों में प्रकाश की विशेष व्यवस्था भी की गई है। इन सभी गुरुद्वारों में अखंड पाठ का आयोजन पिछले दिनों से ही चला आ रहा है। मंगलवार को अखंड पाठ का समापन शबद-कीर्तन व गुरुवाणी व अरदास के साथ हुआ। बड़ी संख्या में सिख समुदाय के अलावा अन्य समुदाय के गुरुओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी गुरुद्वारों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शबद कीर्तन का आयोजन भी चलता रहा। श्रद्धालुओं ने अरदास करते हुए सुख-समृद्धि की वाहेगुरु से प्रार्थना भी की। विशाल लंगर का आयोजन भी गुरुद्वारों में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लंगर छका। गुरु नानक देव जी को जहां सिख धर्म का संस्थापक माना जाता है, वहीं उन्हें सिख धर्म के पहले गुरु होने का श्रेय भी प्राप्त है।

गुरु नानक जी ने अपने व्यक्तित्व में दार्शनिक, योगी, गृहस्थ, धर्मसुधारक, समाजसुधारक, कवि, देशभक्त और विश्वबंधु सभी के गुण समेटे हुए थे। ऐसे गुरु कम ही मिलते हैं। गुरुपर्व की पूर्व संध्या पर नगर फेरी भी निकाली गई थी, जिसमें समुदाय के महिला-पुरुषों व युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया था। कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब भी दिखाए।

### फरीदाबाद में रही प्रकाश पर्व की धूम

फरीदाबाद। गुरूनानक देव जी का 550वां प्रकाशोत्सव औद्योगिक नगरी में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरूद्वारा सिंह सभा एन.एच.-1 से एक विशाल नगर कीर्तन निकाला गया, जिसमें डांस करती घोड़ी, ऊंट, ढोल-नगाड़े आकर्षण मुद्रा में दिखाई दिए। इसके अलावा स्कूली छात्रों द्वारा तरह-तरह के रंगारंग कार्यक्रम भी नगर कीर्तन में प्रस्तुत किए गए एवं फरीदाबाद की कई गतका पार्टियों ने अपने गतका के जौहर दिखाकर लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर लिया।





### गुरुद्वारे में मुफ्त डायलिसिस सेवा शुरू

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम- गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा इंदिरापुरम में मंगलवार को गुरु नानक देव जी के 550 में प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में मुफ्त डायलिसिस सेवा यूनिट मंगलवार को शुरू हो गया । डायलिसिस सेवा का उद्घाटन स्थानीय सांसद ,पूर्व सेना अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री डॉ वीके सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर डॉ वीके सिंह ने गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में गुरु ग्रंथ के सामने मत्था टेका और देश नागरिकों के लिए के अच्छे भविष्य के लिए गुरु नानक देव जी से प्रार्थना की।

### नगर कीर्तन आयोजित

नोएडा। श्री गुरु सिंह सभा ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौड़ सिटी/क्रॉसिंग ने सिख धरम के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के 550 वें प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन का विशाल आयोजन किया। नगर कीर्तन परमाउंट सोसायटी क्रॉसिंग रिपब्लिक के ग्लास गेट से प्रातः 9:00 बजे आरम्भ हुआ और गुरुद्वारा साहेब के सामने से होते हुए महागुन माय वुड सोसायटी, गौड़ सिटी 2, गौड़ सिटी 1, साया जियोन तक गया। तत्पश्चात मुख्य गेट से निकाल कर दोबारा गौड़ सिटी 2 से होता हुए गुरुद्वारा साहिब में समाप्त हुआ। श्री गुरु नानक देव जी सिख धरम के प्रथम गुरु थे। जिनका जन्म सन 1469 में कार्तिक पूर्णिमा के दिन तलवंडी (अब ननकाना साहिब) जिला लाहौर पाकिस्तान में कालू चंद खत्री के घर में हुआ था।

---

### भाजपा पार्षदों ने ही उठाए मेयर के आरोप पर सवाल

# टैक्स घोटाले को लेकर मेयर व नगर आयुक्त आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम के टैक्स विभाग में लगभग 50 करोड़ रुपये के घोटाले के सिलसिले में मेयर आशा शर्मा द्वारा निगम अधिकारियों पर लगाए गए गंभीर आरोप के बाद भाजपा के ही पार्षदों ने उनके आरोपों पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। सदन में भाजपा पार्षद दल के नेता राजेंद्र त्यागी व सचेतक हिमांशु मित्तल ने मंगलवार को कहा है कि यदि इन आरोपों के पक्ष में मेयर के पास सुबूत हैं तो वह पेश करें। इस तरह की बयानबाजी से ना केवल नगर निगम की मर्यादा को ठेस पहुंच रही है बल्कि नगर निगम अधिकारियों और पार्षदों का मनोबल भी गिर रहा है।

आपको बता दें कि मेयर आशा शर्मा ने पिछले दिनों शासन को एक पत्र लिखा था जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि नगर निगम में अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत के कारण टैक्स में भारी घोटाला किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम के कर्मचारी पहले बड़े संस्थानों को बड़ी रकम का बिल भेजते हैं उसके बाद मोटी रिश्वत लेकर उसको कम कर देते हैं। इतना ही नहीं कई बड़े संस्थानों से टैक्स लिया भी नहीं जा रहा है। महापौर ने इस संबंध में पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है। पत्र में उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उन्होंने कर निर्धारण अधिकारी संजीव सिन्हा से कई बार मौखिक रूप से इस पूरे प्रकरण से अवगत कराया लेकिन आज तक इस को लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जिसका मतलब यह है कि अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच में मिलीभगत है। एसीपी। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले दिनों नंद ग्राम इलाके में एक कर्मचारी को रंगे हाथों जनता की मदद से उन्होंने खुद पकड़ा था उन्होंने अधिकारियों को अवगत कराया था लेकिन उसके बावजूद भी उसके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

#### मेरे पास टैक्स चोरी के पर्याप्त सुबूत: शर्मा

उधर मेयर आशा शर्मा ने दोनों भाजपा पार्षदों द्वारा सवाल उठाने के बाद बयान जारी किया है जिसमें उन्होंने कहा है कि मेरे पास टैक्स चोरी के पर्याप्त सुबूत हैं और मैं अपने साथियो से उम्मीद करती हूं कि वे नगर निगम में भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू की गई लड़ाई में मेरा साथ देंगे।



#### नगर आयुक्त बोले- करदाताओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई

उधर नगर आयुक्त दिनेश चंद्र का कहना है कि उनके कार्यकाल को केवल आठ महीने हुए हैं और इस दौरान 30 हजार से ज्यादा कर दाताओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है और पिछले साल के इसी समय की तुलना में 36 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि यदि मेयर इस संबंध में कोई साक्ष्य देती हैं तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उधर भाजपा पार्षद दल के नेता पार्षद राजेंद्र त्यागी व सचेतक हिमांशु मित्तल ने मंगलवार को इस मामले में बयान देकर और हवा दे दी। जिसमें उन्होंने साफ तौर पर आरोपों पर सवालिया निशान लगाते हुए मेयर से जवाब मांगा कि यदि उनके पास टैक्स घोटाले से संबंधित कोई साक्ष्य है तो उसे सार्वजनिक करें या फिर सदन की बैठक बुलाई जाए और उसमें उन साक्ष्यों को पेश करें ताकि यह गंभीर मामला जनता के सामने आ सके और शासन प्रशासन को पूरा सदन इससे अवगत करा सकें। हिमांशु मित्तल ने भी कुछ इसी तरह के सवाल उठाए हैं और राजेंद्र त्यागी के सुर में सुर मिलाते हुए कहा है कि मेयर का पद सम्मानित पद है। इस तरह के बयान देने से पहले उन्हें साक्ष्य प्रस्तुत करने चाहिए थे। अगर कहीं घोटाला हुआ है तो पूरे पार्षद मेयर के साथ है लेकिन उन्हें साक्ष्य देने होंगे।

गौरतलब है कि पिछले काफी दिनों से किसी ना किसी मुद्दे पर मेयर व नगर आयुक्त के बीच तनातनी चलती आ रही है आशा शर्मा ने पिछले दिनों नगर आयुक्त के ट्रांसफर को लेकर शासन को एक पत्र भी लिखा था जिसमें उन्होंने नगर आयुक्त की कार्यशैली को खराब बताते हुए उन पर अमर्यादित टिप्पणी भी की थी। जिसको लेकर नगर आयुक्त ने पत्र का जवाब भी दिया था। जिसमें आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था। बहरहाल इस तरह नगर निगम इस समय मेयर व अधिकारियों के बीच जंग का मैदान बन चुका है और आम आदमी में इसका अच्छा मैसेज नहीं जा रहा है। लोगों का कहना है कि इस मामले में यदि कहीं दोनों के बीच कहीं मतभेद है तो उसको बैठकर हल करना चाहिए ना कि सड़कों पर लाना चाहिए। उधर नगर आयुक्त दिनेश चंद्र का कहना है कि उनके कार्यकाल को केवल आठ महीने हुए हैं और इस दौरान 30 हजार से ज्यादा कर दाताओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है और करोड़ों रुपये का कर संग्रह भी बढ़ा है।

---

# वैशाली में खुला प्रदेश का सबसे अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल

### लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता जरूरी : वीके सिंह




**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के लोगों को अब कैंसर की बीमारी के इलाज के लिए मुंबई व दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा अब वह वैशाली में मैक्स इंस्टिट्यूट ऑफ कैंसर केयर अंकोलॉजी टावर में अत्याधुनिक सुविधाओं और मशीनों से करा सकेंगे। केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह ने मंगलवार को इस अस्पताल का उद्घाटन किया।

वीके सिंह ने कहा कि लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता जरूरी है। गाजियाबाद में पहले इलाज की आधुनिक सुविधा नहीं थी इसलिए लोगों को दिल्ली भागना पड़ता था। लेकिन अब दिल्ली के लोग भी वैशाली के इस अस्पताल के विश्व स्तर की चिकित्सा सेवा पाने के लिए अपने मरीजों को इलाज कराने के लिए यहां आएंगे। उन्होंने कहा कि यहां होने वाले अनुसंधान यह पहले होना चाहिए कि कैंसर जैसी भयानक बीमारी से कैसे बचें।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य राज्यमंत्री अतुल गर्ग ने कहा कि गाजियाबाद और उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में बेहतर होता जा रहा है और इस काम में सरकार ही नहीं निजी संस्थान भी अपना योगदान दे रहे हैं। इस अस्पताल में जहां एक तरफ बेहतर इलाज मिलेगा। वहीं संगीतमय सकारात्मक माहौल बनने से मरीज जल्दी स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करेंगे।

## खबर संक्षेप

### डीजे गोदाम में भड़की आग, सामान राख



**जींद।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सामने गीता कॉलोनी में मंगलवार दोपहर को डीजे गोदाम में आग भड़क उठी। जिससे गोदाम में रखा लाखों रुपये कीमत का सामान जलकर राख हो चुका था। काजियान मोहल्ला निवासी दीपक विवाह-शादियों, जागरणों में डीजे का कार्य करता है। मंगलवार दोपहर को गोदाम में आग भड़क उठी। गोदाम से धुआं निकलता देख आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन धुआं ज्यादा होने के चलते लोग अंदर नहीं जा सके। बाद में फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया। गोदाम मालिक दीपक ने बाताया कि काफी संख्या में डीजे सैट, उससे जुड़े उपकरण, स्क्रीन रखी हुई थी। आग के कारण काफी संख्या में स्पीकर, स्क्रीन व अन्य उपकरण जल गए।

### पंजाब : किसानों ने कृषि विभाग के कार्यालय का 'घेराव' किया

**चंडीगढ़।** पराली जलाने की घटनाओं के खिलाफ कार्रवाई कर रहे पंजाब कृषि विभाग के चार सदस्यीय दल का गुस्साए किसानों ने संगरूर जिले में कथित रूप से घेराव किया। हालांकि, अधिकारियों ने इस मामले में कोई भी टिप्पणी करने से इंकार किया है। भारतीय किसान यूनियन (उगरहान) के बैनर तले इन किसानों ने सोमवार शाम को प्रदर्शन किया। दरअसल गांव वालों को पता चल गया था कि विभाग की टीम पराली जलाने पर किसानों के खिलाफ कार्रवाई करने वाली है। भाकियू नेता मंजीत सिंह ने कहा, ''हमने अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया।'' हालांकि, उनकी ओर से किसानों को परेशान नहीं करने का आश्वासन मिलने के बाद अधिकारियों को जाने दिया गया। भाकियू नेता ने दावा किया कि जिन अधिकारियों का घेराव किया गया था उसमें एक मुख्य कृषि अधिकारी रैंक के अफसर भी थे। प्रदर्शन में शामिल किसानों का कहना था कि पराली जलाने को लेकर छोटे और सीमांत किसानों को प्रताड़ित/परेशान किया जा रहा है।

### गली विवाद में महिला की हत्या, मां-बेटे पर केस

**कैथल।** नगर के माता गेट पर गली को लेकर हुए विवाद में मंगलवार को दिन दहाड़े एक महिला ने अपने बेटे के साथ मिलकर दूसरी महिला की हत्या कर दी। सूचना मिलते ही शहर पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव का पोस्टमार्टम करवा उनके परिजनों को सौप दिया। मृतका के पति सीवन गेट कैथल निवासी हरी चंद ने शहर पुलिस को दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया है माता गेट कैथल की कांता पत्नी रामप्रकाश के साथ उनका गली को लेकर कई बार झगड़ा होता रहा है। बाद में बीच बचाव कर सुलह बन गई थी। उसने बताया कि 12 नवंबर को बाद दोपहर करीब तीन बजे सायं को जब उसकी पत्नी गुलाबो माता गेट स्थित मकान में गई थी तो कांता ने अपने बेटे अमन के साथ मिलकर उस पर तेजधार हथियार से हमला करते हुए उसकी हत्या कर दी।

## हरियाणा मंत्रिमंडल विस्तार पर सीएम और डिप्टी सीएम का मंथन

# अगले 48 घंटे में होगा विस्तार

- डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने मंगलवार को सीएम के सरकारी आवास जाकर चर्चा की
- मुख्यमंत्री मनोहर लाल और उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के बीच मंत्रिमंडल का आकार छोटा रखने पर काफी हद तक सहमति हो चुकी है। इसका ध्यान रखा जाएगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहरलाल और उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के शपथ ग्रहण के बाद में अब सारे विधायकों को मंत्रिमंडल विस्तार का बेसब्री से इंतजार है, क्योंकि इसमें लगाातार देरी हो रही है।

पूर्व में मुख्यमंत्री मनोहरलाल और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह की मुलाकात नहीं हो पाने के कारण देरी हो रही थी। वहीं, अभी भी मंत्रिमंडल विस्तार के लिए संभावित मंत्रियों के नामों में शामिल विधायक सूचना आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा के लिए सूबे के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने मंगलवार को उनके सरकारी आवास पर जाकर चर्चा की। इसके बाद में बाहर निकलकर मीडिया से दावा किया कि अगले 48 घंटे में मंत्रियों के शपथ ग्रहम का कार्यक्रम रखा जाएगा। मंगलवार को भी पूरे प्रदेश के सियासी दिग्गजों को राजधानी से फोन आने का इंतजार रहा लेकिन देर शाम तक इस तरह की कोई सूचना नहीं थी।



### शपथ ग्रहण गुरुवार को!

प्रदेश के राज्यपाल सत्यदेव आर्य भी राजभवन हरियाणा लौट चुके हैं। अधिकारी और कर्मचारी भी मंत्रिमंडल विस्तार के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। बीते शनिवार और रविवार को भी पीए, पीएस को स्टेशन नहीं छोड़ने का आदेश दिया गया था। लेकिन दोनों दिन निकल गए और अब सोमवार व मंगलवार को भी इस संबंध में कोई पुख्ता सूचना नहीं है। अब बुधवार को भी शपथ ग्रहण को लेकर कोई सूचना नहीं हैं, जिसके कारण गुरुवार को शपथ ग्रहण का कार्यक्रम रख दिए जाने के कयास लगाए जा रहे हैं।

### खर्च बचाने को छोटी होगी नई कैबिनेट

बताया जाता है कि हरियाणा की भाजपा-जजपा की सांझी सरकार का नया मंत्रिमंडल छोटा होगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व वाली कैबिनेट में पहले चरण में छह से सात मंत्री बनाए जा सकते हैं। चार मंत्री भाजपा कोटे के, दो जजपा और एक मंत्री निर्दलीय विधायकों में से बन सकते हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल और उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के बीच मंत्रिमंडल का आकार छोटा रखने पर काफी हद तक सहमति हो चुकी है। दुष्यंत चौटाला मुख्यमंत्री मनोहर लाल के गुड गवर्नेंस (सुशासन) के फार्मूले से सहमत हैं और बड़ा मंत्रिमंडल बनाकर राज्य का खर्च बढ़ाने के हक में कतई नहीं है। उन्होंने सुझाव दिया है कि मंत्रियों की संख्या अधिक रखने की बजाय काम करने वाले विधायकों को कैबिनेट में मौका दिया जाना चाहिए, ताकि पूरे प्रदेश में अच्छा संदेश जाए। भाजपा हाईकमान ने भी छोटा मंत्रिमंडल रखने के मनोहर लाल और दुष्यंत चौटाला के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है।

### निर्दलियों का दिल्ली में मंथन

**चंडीगढ़।** हरियाणा के निर्दलिय विधायकों ने भी अब मंत्रिमंडल में स्थान पाने के लिए लामबंदी की शुरुआत कर दी है। इस क्रम में पांच छह विधायकों ने दिल्ली कें हरियाणा भवन में दोपहर के समय बैठक बुलाई, इस दौरान दो घंटे तक बंद कमरे में चली बैठक के दौरान विधायकों ने रणनीति तैयार की लेकिन इसका कोई खुलासा नहीं किया।

इस संबंध में जिस समय मीडिया की ओर से नयनपाल रावत और धर्मपाल गोंदर से बातचीत कर सवाल किए गए, तो उन्होंने इसे एक सामान्य शिष्टाचार बैठक बताई। रावत ने इस दौरान कहा कि पांच छह विधायकों द्वारा की गई है, हमारे पास मंत्रिमंडल को लेकर किसी तरह की कोई सूचना नहीं है, रावत ने कहा कि वे तो राज्य की सरकार को बिना शर्त के समर्थन कर चुके हैं। यह पूरे पांच साल तक चलेगा, मंत्री बनाना नहीं बनाना मुख्यमंत्री के अधिकार क्षेत्र की बात है। हरियाणा भवन के 28 नंबर कमरे में चली बैठक के दौरान नयनपाल राव, धर्मपाल गोंदर, सोमबीर सांगवान, बलराज कुंडू व रणधीर गोलन एकत्र थे। सभी ने एक सुर में कहा कि वैसे तो वे भाजपा की विचारधारा के साथ में हैं, टिकट वितरण के दौरान अनदेखी के कारण उन्हें निर्दलिय ही मैदान में उतना पडा। लेकिन वे पांच साल तक के लिए भाजपा और मुख्यमंत्री के साथ में हैं। रावत ने दावा किया कि उनके एक दो साथी भी यहां आने थे लेकिन रणजीत चौटाला यहां पर नहीं पहुंच सके थे।




# पंजाब में हर्षोल्लास से मनाया गया प्रकाशपर्व

एजेंसी ▶▶ सुल्तानपुर लोधी



- अन्य गुरुद्वारों में दर्शन की छूट का मसला पाक के साथ उठाने का मोदी से आग्रह करेंगे कैप्टन

पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने घोषणा की कि भारतीय श्रद्धालुओं को सरहद पार अन्य ऐतिहासिक गुरुधामों के दर्शन करने की छूट देने का मसला पाकिस्तान सरकार के समक्ष उठाने का आग्रह वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात कर करेंगे। मुख्यमंत्री ने गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व के मौके पर यहां आयोजित एक राज्यस्तरीय समारोह में यह घोषणा की। इस दौरान राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द भी वहां मौजूद थे।

गुरूपर्व के मौके पर आयोजित इस समारोह में पंजाब के राज्यपाल वी.पी. सिंह बदनौर और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समेत अन्य हस्तियां शमिल हुई इस मौके पर मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने गुरु नानक देव जी के आदर्शों के मुताबिक सच्ची भावना के साथ सेवा देने वाले पुलिसकर्मियों को 'प्रकाश पर्व पदक' से सम्मानित करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व को समर्पित पिछले साल शुरू हुए कार्यक्रमों को नवंबर, 2020 तक जारी रखा जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने ऐतिहासिक मौके पर 550 कैदियों की अग्रिम रिहाई का फैसला किया है और इनमें से 450 कैदियों को रिहा किया जा चुका है जबकि बाकियों को अगले कुछ महीनों में रिहा कर दिया जायेगा। 'सहज पाठ' और 'भोग' के उपरांत धार्मिक समारोह को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने देश -विदेश से धार्मिक उत्साह और पूरे हर्षोल्लास के साथ लाखों की संख्या में सुलतानपुर लोधी पहुंची संगत का स्वागत किया।

## योग गुरु ने लिया आशीर्वाद



योग गुरु स्वामी रामदेव मंगलवार को कैप्टन अभिमन्यु के रोहतक निवास पर पहुंचे। इस दौरान उनकी मां श्रीमती परमेश्वरी देवी से आशीर्वाद लिया। इस दौरान कैप्टन अभिमन्यु के छोटे भाई मेजर सत्यपाल भी मौजूद रहे।

# अमेरिका में पंजाब के युवक की गोली मारकर हत्या

**मत्तेवाल (अमृतसर)।** अमेरिका के मिसिसिप्पी में मत्तेवाल गांव के एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। आरोपी हमलावर उसकी दुकान से कुछ चुराने का प्रयास कर रहा था, जिस पर युवक ने उसे ऐसा करने से रोका था। मरने वाले युवक अक्षयप्रीत सिंह ऊर्फ मोनू के चाचा सोहन सिंह ने मंगलवार को बताया कि मोनू (21) को शनिवार को गोली मारी गयी थी। मोनू ने सीसीटीवी कैमरे में देखा कि आरोपी हमलावर दुकान से कुछ सामान लेकर जेब में रखा जिसका उसने विरोध किया। सिंह ने बताया कि इस पर आरोपी चोर उनके भतीजे के साथ मारपीट करने लगा और एक मिनट के अंदर उसने पिस्तौल निकाल लिया औ उसके सिर में गोली मार दी। उन्होंने बताया कि हम लोग बड़े खुश थे क्योंकि अक्षयप्रीत के बड़े भाई लवप्रीत के घर बेटे का जन्म हुआ था, इसी बीच उसके मरने की सूचना हमें मिली। सिंह ने नम आंखों से बताया कि मोनू के पिता बख्शीश सिंह वहां दुकान चलाते थे, इसलिए वह तीन साल पहले अमेरिका गया था।

- आरोपित हमलावर उसकी दुकान से कुछ चुराने का प्रयास कर रहा था


## अल्केमिस्ट लिमिटेड

ALCHEMIST

पंजी. कार्यालय : 23, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019
CIN NO.:L72200DL1988PLC192643
E-mail: info@alchemist.co.in. Website: www.alchemist.co.in

30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही एवं अर्ध वर्ष हेतु स्टैंडअलोन और समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण (रु. लाखों में ईपीएस डाटा को छोड़कर)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | समेकित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | समाप्त वर्ष |
| | | 30.09.2019 समीक्षाकृत | 30.09.2018 समीक्षाकृत | 30.09.2019 समीक्षाकृत | 30.09.2019 समीक्षाकृत | 30.09.2018 समीक्षाकृत | 30.09.2019 समीक्षाकृत |
| 1 | प्रचालन से कुल आय (शुद्ध) | 462.87 | 599.15 | 1,048.54 | 462.87 | 595.15 | 1,048.54 |
| 2 | अन्य आय | 4.58 | 0.83 | 5.45 | 4.58 | 0.83 | 5.45 |
| 3 | अवधि (कर, असाधारण और असाधारण मदों से पूर्व) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (235.89) | (6906.70) | (509.03) | (235.90) | (6906.70) | (509.04) |
| 4 | कर से पूर्व अवधि (असाधारण और/अथवा असाधारण मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (235.89) | (6906.70) | (509.03) | (235.90) | (6906.70) | (509.04) |
| 5 | कर के बाद अवधि (असाधारण और असामान्य मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (256.34) | (6977.90) | (549.02) | (256.35) | (6,977.90) | (549.03) |
| 6 | अवधि [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] हेतु कुल व्यापक आय | (256.34) | (6974.70) | (549.02) | (256.35) | (6,974.70) | (549.03) |
| 7 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 1,355.98 | 1355.98 | 1355.98 | 1,355.98 | 1355.98 | 1355.98 |
| 8 | पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व्स | - | - | - | - | - | - |
| 9 | अर्जन प्रति इक्विटी शेयर प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रत्येक (रु. में) वार्षिकृत नहीं | | | | | | |
| | 1. बेसिक | (1.89) | (51.46) | (4.05) | (1.89) | (51.46) | (4.05) |
| | 2. डायल्युटेड | (1.89) | (51.46) | (4.05) | (1.89) | (51.46) | (4.05) |

टिप्पणी :-
1. उपरोक्त स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों की समीक्षा कर ली गई और ऑडिट कमेटी द्वारा अनुशंसित किये गये तथा उसके पश्चात् 11 नवम्बर 2019 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये और रिकार्ड पर लिये गये।
2. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार ऊपर दिया गया है। तैमाहिक और अर्ध वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजेज की वेबसाइट www.bseindia.com और www.nseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www.alchemist.co.in पर उपलब्ध है।
3. कम्पनी मामलों के मंत्रालय द्वारा अधिसूचित भारतीय लेखा मानकों (IND AS) को 01 अप्रैल 2017 से कम्पनी ने अपना लिया है। तदानुसार 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु वित्तीय परिणाम (स्टैंडअलोन) IND AS और सामान्य रूप से भारत में अपनाये जाने वाले अन्य लेखा सिद्धांतों के अनुपालन में है।
4. पूर्ववर्ती तिमाही / वर्ष के आंकड़े जहां आवश्यक हुआ उन्हें वर्तमान वर्ष के आंकड़ों के साथ तुलनायोग्य बनाने के लिये रिग्रुप्ड अथवा रिक्लासीफाइड कर लिया गया।

कृते व निदेशक मंडल की ओर से
अल्केमिस्ट लि.
हस्ता/-
(चरणदीप सिंह जोल्ली)
निदेशक
डीआईएन नं. : 05151343

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 11.11.2019


# हुड्डा सरकार में हुए 89 करोड़ के फर्जीवाड़े का पर्दाफाश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

महालेखाकार (ऑडिट) की जांच रिपोर्ट में वर्ष 2013 में हुड्डा शासन काल में लोकसम्पर्क विभाग के 89 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमिताएं व फर्जीवाड़ा सामने आया है। लोकायुक्त ने अपनी जांच में तत्कालीन सीएम को क्लीन चिट दी है, लेकिन लोकसम्पर्क विभाग के तत्कालीन महानिदेशक पर गंभीर टिप्पणी की है। लोकायुक्त जस्टिस एनके अग्रवाल ने सरकारी विज्ञापनों पर धन खर्च करने के बारे में पारदर्शी और स्पष्ट पद्धति तय करने की सरकार को सिफारिश करते हुए तीन माह में रिपोर्ट तलब की है। लोकायुक्त ने अपने 22 अक्टूबर के आदेश में कहा कि घपले की रिपोर्ट कैग के माध्यम से राज्यपाल को जाने के बाद विधानसभा के पटल पर प्रस्तुत होगी। लोकसम्पर्क विभाग के स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं होने की स्थिति में ही सरकार द्वारा उचित कार्रवाई हो सकती है।

### लोकसंपर्क विभाग में नियमों की अनदेखी

**सरकारी विज्ञापनों पर धन खर्च का मामला, तीन माह में मांगी रिपोर्ट**

**पारदर्शी और स्पष्ट पद्धति तय करने की सिफारिश**

#### क्या था पूरा मामला

आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने नम्बर वन हरियाणा व सबसे आगे हरियाणा के विज्ञापनों में पूंजी निवेश व रोजगार के दिए आंकड़ों को निराधार बताते हुए लोकायुक्त को दिनांक 26 सितम्बर 2013 को शिकायत की थी। आरोप था कि इन विज्ञापनों में दिए गए आंकड़े फर्जी हैं। इन भ्रामक विज्ञापनों पर सार्वजनिक धन का करोड़ों रुपया फूंक कर तत्कालीन सीएम हुड्डा अपनी छवि चमका रहे हैं। कपूर ने इनके विरुद्ध आपराधिक केस दर्ज कराने की मांग की थी। विज्ञापनों में किए गए पूंजी निवेश व रोजगार देने के भारी भरकम आंकड़ों के बारे में लोकसम्पर्क अधिकारी कोई लिखित आधार पेश नहीं कर पाए।

### मंडियों में अब तक 67.03 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा धान आया

**चंडीगढ़।** हरियाणा की मंडियों में अब तक 67.03 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की आवक हुई है, जबकि गत वर्ष इसी अवधि के दौरान 64.81 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान मंडियों में आया था।

# हरियाणा के गांवों ने स्वच्छता मुहिम में शहरों को पीछे छोड़ा

- स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण-2019 : तमिलनाडु के बाद देशभर में दूसरे स्थान पर सूबे के गांव

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता की मुहिम को हरियाणा प्रदेश के गांवों ने हाथों-हाथ लिया है, इस कारण देशभर में हरियाणा के गांवों को स्वच्छता के मामले में दूसरा स्थान हासिल करने का गौरव प्राप्त हुआ है। पहले नंबर पर तमिलनाडु के गांवों ने स्वच्छता की मुहिम को अपनाने का गौरव और दूसरे स्थान पर हरियाणा रहा है। इस क्रम में जल्द ही राज्य पंचायत विभाग के आला अफसरों को दल्लिी में आयोजित समारोह में सम्मान दिया जाएगा। अहम बात यह है कि हरियाणा के ग्रामीण इलाकों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से महात्मा गांधी की 150वीं जयंती को लेकर सभी से स्वच्छता की मुहिम में जुड़ने की अपील की गई थी। राज्य के गांवों में चल रही इस मुहिम की जांच पड़ताल के लिए केंद्रीय एजेंसी द्वारा हर जिले के 25-25 गांवों में पड़ताल की थी। पड़ताल के बाद में एक रिपोर्ट तैयार की गई। इसी तरह से बाकी राज्यों के ग्रामीण इलाकों में इस तरह की पड़ताल हुई और रिपोर्ट तैयार की गई। इस रिपोर्ट में तमिलनाडु पहले स्थान पर और दूसरे स्थान पर हरियाणा का नंबर रहा है।

### पैरामीटर निर्धारित, उन पर ही होता है सर्वे

भरोसेमंद उच्चपदस्थ सूत्र बताते हैं कि सर्वे पेयजल एवं स्वच्छता विभाग जल शक्ति मंत्रालय सरकार की ओर से स्वच्छता सर्वेक्षण में ग्रामीण स्वच्छता की जांच कराई जाती है। इसके लिए कुछ पैरामीटर निर्धारित किए गए हैं, जिनके अनुसार सर्वे होता है। सर्वे के दौरान पंचायतों में स्वच्छता की मुहिम के तहत सोक पटि्, कंपोस्ट पटि् के अलावा ओडीएफ बोर्ड, स्वच्छता पेंटिंग निरीक्षण होता है। इसके अलावा आंगनबाड़ी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ ही शौचालयों, धार्मिक स्थलों, मंदिरों, सार्वजनिक स्थानों और हट बाजार आदि की साफ-सफाई का काम देखा जाता है।

# कलर्स शो के कलाकार कराएंगे अर्बन डांस

- यूट्यूब स्टार अंकित सती व फेम डांसर वेदप्रकाश कराएंगे वर्कशॉप

**पंचकूला।** प्रसिद्ध प्रोफेशनल डांसर और यूट्यूब स्टार अंकित सती और कलर्स टीवी पर आने वाले 'डांस दीवाने' सीजन 1 शो के फाइनलस्टि वेदप्रकाश राजस्थान भवन, सेक्टर 33, चंडीगढ़ में 'अर्बन डांस वर्कशॉप' कराएंगे। नृत्य कार्यशाला 16-17 नवंबर (शनिवार-रविवार) को सायं 4 से 6 बजे के बीच आयोजित होगी। यहां यह बताना उचित होगा कि अंकित सती फिल्म एबीसीडी (एनीबडी कैन डांस) का हस्सिा रहे हैं और 'यो यो बॉयज ' टीम के कोरियोग्राफर व सदस्य थे जो 'इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन 6 के फाइनलस्टि भी थे। एमए डांस स्टूडियो के संस्थापक और बॉलीवुड कोरियोग्राफर, अमित मेथो ने वर्कशॉप की जानकारी दी। अमित मेथो के साथ डांसर वेदप्रकाश, मिशन मंगल फिल्म में काम कर चुके बाल कलाकार सेजल गुप्ता और एमटीवी फेम कलाकार दीपेश सेखरी ने एमए डांस स्टूडियो, सेक्टर 16, पंचकूला में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कार्यशाला के बारे में बात की। अमित मेथो ने कहा, 'राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके पेशेवर और अनुभवी कलाकारों से नृत्य की बारीकियों को सीखने के लिए ट्राइसिटी के डांस प्रेमियों के लिए यह एक शानदार अवसर है।


## Sindhu Trade Links Ltd.

129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035
Unaudited Financial Results for the quarter and half year ended 30th September, 2019
CIN : L63020DL1992PLC121695 Website: www.sindhutrade.com,
Emailid: corporatecompliance@sindhutrade.com, Ph.:01147634400

Extracts of Standalone & Consolidated Unaudited Financial Results for the Half Year and Quarter Ended 30.09.2019 (In Lakhs)

| Particulars | Standalone | | | Consolidated | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter Ended | | Year Ended | Quarter Ended | Year Ended |
| | 30.09.2019 (Unaudited) | 30.09.2018 (Unaudited) | 31.03.2019 (Audited) | 30.09.2019 (Unaudited) | 31.03.2019 (Audited) |
| Total Income | 18,824.98 | 28,016.35 | 1,15,251.01 | 27,424.11 | 1,55,906.28 |
| Net Profit/ (Loss) for the period (before tax, exceptional and/or Extraordinary items) | 2,021.37 | 2,617.00 | 9,666.48 | (1,249.68) | (2,057.05) |
| Net Profit/ (Loss) for the period before tax (after exceptional and/or Extraordinary items) | 2,021.37 | 2,617.00 | 9,666.48 | (1,249.68) | (2,057.05) |
| Net profit/ (Loss) from ordinary activities before tax) | 2,021.37 | 2,617.00 | 9,666.48 | (1,249.68) | (2,057.05) |
| Net profit/(Loss) for the period after tax (after Extraordinary items) | 1,638.65 | 1,709.29 | 7,010.93 | (1,642.98) | (5,443.06) |
| Equity Share Capital | 5139.76 | 5139.76 | 5139.76 | 5139.76 | 5139.76 |
| Reserves including Revaluation Reserve | 49,119.61 | 41,752.83 | 41,752.83 | - | 63,218.87 |
| Earning Per Shares (for continuing and discontinued operation) of /-each) Basic: Diluted: | 3.19 3.19 | 3.33 3.33 | 13.64 13.64 | (1.22) (1.22) | 2.60 2.60 |

Notes:-
1. The above is an extract of the detailed format of quarterly financial results filed with the stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly financial results is available on the websites of the Stock Exchange and company's website www.sindhutrade.com. The above results after being reviewed by the Audit Committee were taken on record by the Board at its Meeting held on 12th November, 2019.
2. The company adopted IND-AS effective 1st April, 2017 and accordingly, the financial results for the quarter ended 30th September, 2019 have been prepared in accordance with recognition and measurement principles laid down in the IND - AS 34 prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with relevant rules issued there under and the other accounting principles generally accepted in India.
3. The figures are regrouped in previous year also, wherever considered necessary.
4. Limited Review Report has been carried out by the Statutory Auditors for the above period.

For & on behalf of Board of Directors
Sindhu Trade Links Limited
Sd/-
Rudra Sen Sindhu
Director
DIN: 00006999

Place: Delhi
Dated: 12.11.2019

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने पंचायत चुनावों के लिए बनायी समिति

**लखनऊ।** यूपी में जमीनी स्तर पर संगठन मजबूत करने की जुगत में लगी कांग्रेस ने अगले साल होने वाले जिला पंचायत चुनावों की तैयारियों के लिये समिति गठित की है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी (प्रशासन) सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव ने मंगलवार को बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने अगले साल होने वाले जिला पंचायत चुनाव की तैयारियों के लिये पार्टी के 13 वरिष्ठ नेताओं की 'जिला पंचायत चुनाव तैयारी समिति' का गठन किया है। समिति में पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान और पूर्व विधायक गजराज सिंह भी शामिल हैं।

### चलती कार में आग लगने से चालक की मौत

**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार को कार में अचानक आग लगने से चालक की मौत हो गई। चालक की पहचान आगरा के युवक टीकम सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मंगलवार को यमुना एक्सप्रेस-वे पर स्विफ्ट डिजायर कार आगरा से मथुरा की ओर जा रही थी। इसी दौरान उसमें माइलस्टोन 140 के निकट अचानक धुआं निकलने लगा। कुछ ही पलों में कार आग की लपटों से घिर गई व चालक उसी में फंसकर रह गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दो दमकलों की मदद से आग पर काबू पाया पर तब तक चालक की मौत हो चुकी थी।

### विमला के विधायक आवास में तैनात हवलदार की मौत

**सिमडेगा (झारखंड)।** विधायक विमला प्रधान के आवास पर तैनात हवलदार नवल होरो मृत अवस्था में बाथरूम में पड़े मिले हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि हवलदार की मौत का कारण हृदय गति का रुक जाना है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। नवल होरो तोरपा के रहने वाले थे।

## कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर रहा श्रद्धालुओं का जमघट

# बिहार: स्नान करने गए 10 लोगों की हादसों में मौत

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्नान करने गए 10 लोगों की अलग अलग हादसे में मंगलवार को मौत हो गई व दो अन्य लापता बताए जा रहे हैं। आपदा प्रबंधन विभाग से मंगलवार को प्राप्त जानकारी के मुताबिक, नवादा एवं नालंदा जिले में तीन-तीन व्यक्तियों, औरंगाबाद, पश्चिम चंपारण व सीतामढ़ी में एक-एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र में सेखोदेवरा सूर्य मंदिर के तालाब में डूबने से दो युवतियों सहित तीन लोगों की मौत हो गई। कौआकोल थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मृतकों के नाम अनुराधा कुमारी (18), शिल्पी कुमारी (18) व अविनाश कुमार (40) हैं। पूर्णिमा के अवसर पर तालाब में नहा रही दोनों लड़कियां जब डूबने लगीं तो वहां मौजूद जमुई जिले के अलीगंज प्रखण्ड में शिक्षक पद पर कार्यरत अविनाश ने उन्हें बचाने की कोशिश की। लेकिन अविनाश की भी डूबने से मौत हो गई। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला सदर अस्पताल लाया गया है। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर नालंदा जिला के पावापुरी पुलिस चौकी के घोसरवा गांव के समीप से गुजर रही सकरी नदी में स्नान करने गई तीन युवतियों की डूबने से मौत हो गई। पावापुरी पुलिस चौकी प्रभारी प्रभा कुमारी ने बताया कि मृतकों के नाम अंशु कुमारी (17), सोनम कुमारी (15) व प्रीति कुमारी (17) हैं। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला सदर अस्पताल लाया गया है। सीतामढ़ी जिला के बैरगनिया ढेंग के समीप से गुजर रही में बागमती नदी में नहा रहे एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। दो अन्य व्यक्ति लापता बताए जा रहे हैं जिनकी तलाश एसडीआरएफ द्वारा जारी है। औरंगाबाद व पश्चिम चंपारण में भी एक-एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। पटना और सारण जिला के बीच पानापुर के पास डूबने से एक व्यक्ति की मौत की सूचना है।



- नवादा एवं नालंदा जिले में तीन-तीन व्यक्तियों की मौत
- तालाब में डूब रही लड़कियों को बचाने के प्रयास में डूबा जमुई का शिक्षक



**पटना।** गंगा नदी में पवित्र डुबकी लगाने के बाद अति-भीड़ वाली ट्रेन में यात्रा करते श्रद्धालु।



**पटना।** 'कार्तिक पूर्णिमा' पर गंगा नदी में पवित्र स्नान करने के लिए एकत्रित हुए लाखों भक्त।

- बागमती नदी में नहा रहे एक व्यक्ति की डूबने से गई जान, दो लापता लोगों की तलाश कर रही है एसडीआरएफ

### यूपी: लाखों श्रद्धालुओं ने किया स्नान

**लखनऊ।** कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर पूरे यूपी में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह आस्था की डुबकी लगायी। गंगा, गोमती व सरयू नदियों के घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का जमघट रहा। लखनऊ के मनकामेश्वर घाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने गोमती में डुबकी लगाई। मनकामेश्वर मंदिर की महन्त देव्यागिरि ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा पर समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने गोमती में डुबकी लगायी। इसके अलावा अयोध्या में सरयू और प्रयागराज में गंगा तथा यमुना नदियों में श्रद्धालुओं ने भी डुबकी लगायी। अयोध्या में कड़ी सुरक्षा के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सरयू में स्नान किया।

## अयोध्या में कड़ी सुरक्षा के बीच लोगों ने सरयू में लगाई आस्था की डुबकी



- फैसले के बाद पहली बार हुआ मंदिरों के शहर में धार्मिक समागम
- बीती रात से ही नदी के पास जमे थे श्रद्धालु



कारसेवकपुरम में वेद विद्यालय परिसर में कबड्डी खेलते छात्र।



**अयोध्या।** अयोध्या में रामजन्म भूमि-बाबरी मस्जिद विवाद पर उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्थानीय सरयू नदी में डुबकी लगायी। फैसले के बाद यह पहला मौका है जब मंदिरों के शहर में धार्मिक समागम हो रहा है। लोग सुबह से ही घाटों पर एकत्र होने लगे व सड़कों पर लाउडस्पीकरों पर भजन बज रहे थे। पड़ोसी जिलों से आए श्रद्धालु सोमवार की रात से ही नदी के पास जमे हुए थे। गोरखपुर जिले से आए किसान कोल्हाई (62) ने बताया कि मैंने तड़के दो बजे सरयू नदी में डुबकी लगाई, स्नान किया। मैं पिछले 20 साल से हर कार्तिक पूर्णिमा पर आ रहा हूं। कोल्हाई कहते हैं कि डुबकी लगाना पूरी तरह से आनंददायक है व यही कारण है कि हम यहां आते हैं। इस बार का स्नान बहुत खास है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने यहां हमारे राम लला का मंदिर बनाने का मार्ग प्रशस्त किया है।

### चौकन्नी ही रहेगी सूबे की पुलिस: डीजीपी



**नई दिल्ली।** यूपी के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओपी सिंह ने कहा कि अयोध्या मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मद्देनजर राज्य की पुलिस लगातार अलर्ट की स्थिति में है व जब तक जरूरी होगा इसी स्थिति में रहेगी। साथ ही अफवाहों, फर्जी संदेशों को लेकर विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर नजर रखी जा रही है। राज्य में अफवाह फैलाने के सिलसिले में 70 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है, आगे की कार्रवाई के लिए 270 से अधिक सोशल मीडिया अकाउंट के बारे में रिपोर्ट की गई है। फैसला पिछले सप्ताह आने के बावजूद प्रत्येक जिला "तैयारी की उच्च स्थिति में है व अभी तक किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

## राशिफल 13 नवंबर 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : सेहत में सुधार होगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कार्यक्षेत्र पर समय सीमा में काम पूरा करने की कोशिश करें। संयुक्त परिवार में रह रहे लोगों को समस्या हो सकती है। **शुभ अंक**: 1, **रंग** : रोज।

**वृष**: आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को समस्या हो सकती है। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। प्रॉपर्टी के किसी मामले को लेकर संतुष्ठ महसूस करेंगे। **शुभ अंक**: 8, **रंग**: नेवी ब्लू।

**मिथुन**: सेहतमंदर रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। कार्यक्षेत्र पर चीजें आपके पक्ष में रहेंगी। जीवनसाथी के साथ धैर्य से काम लें। कहीं छुट्टियों पर जाने का प्लान बनाएंगे। **शुभ अंक** : 11, **रंग**: पिंक।

**कर्क**: सेहतमंद रहने के लिए व्यायाम करें। फिजूल खर्च कम करने की कोशिश करें। कार्यक्षेत्र पर किसी पर आंख बंद कर विश्वास करने से बचें। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। **शुभ अंक**: 5, **रंग**: ब्लूईश ग्रीन।

**सिंह**: सेहत को लेकर किए गए प्रयास लाभदायक साबित होंगे। धन संबंधित मामलों के लिए दिन अच्छा है। कार्यक्षेत्र पर काम से सभी को प्रभावित करेंगे। यात्रा का प्रोग्राम बना सकते हैं। **शुभ अंक**: 11, **रंग**: सफेद।

**कन्या**: शेयर मार्केट से जुड़े कामों को करते समय सतर्क रहें। सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा। यात्रा पर जाने के योग हैं। खानदानी प्रॉप्रर्टी मिल सकती हैं। **शुभ अंक**: 17, **रंग**: परैट ग्रीन।

**तुला**: सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। निवेश करना फायदेमंद साबित होगा। कार्यक्षेत्र पर काम करते समय सतर्क रहें। विवाह योग्य लोगों के शादी के योग बन रहे हैं। **शुभ अंक**: 1, **रंग** : क्रीम।

**वृश्चिक**: सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। फिजूल खर्च कम करने की कोशिश करें। व्यापरियों लोगों के लिए दिन अच्छा है। परिवार के साथ समय बिताना मुश्किल होगा। **शुभ अंक**: 9, **रंग** : पीच।

**धनु**: व्यायाम करने से फिट और ऊर्जावान महसूस करेंगे। किसी प्रोजेक्ट के लिए आसानी से पैसों का इंतजाम कर लेंगे। कार्यक्षेत्र पर सभी आपके विचारों की सराहना करेंगे। **शुभ अंक** : 11, **रंग**: गाढ़ा आसमानी।

**मकर**: सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। व्यवसाय में लाभ होगा। कार्यक्षेत्र अपने शत्रुओं से सावधान रहें। परिवार के लोग आपका सपना पूरा करने में सहयोग करेंगे। **शुभ अंक** : 6, **रंग**: पीच।

**कुंभ** : सेहत में सुधार के संकेत हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कार्यक्षेत्र पर सीनियर्स आपका सपोर्ट करेंगे। परिवार में शांति का माहौल रहेगा। प्रॉप्रर्टी संबंधित मामलों पर सतर्क रहें। **शुभ अंक** : 5, **रंग**: हल्का लाल।

**मीन**: निवेश करने का सुनहरा अवसर मिल सकता है। कार्यक्षेत्र पर काम पर ध्यान देने की जरूरत है। परिवार के किसी सदस्य को सही रास्ते पर लाने में मदद करेंगे। **शुभ अंक** : 7, **रंग** : चॉकलेट।

### : टिप्स :

1. घर के मुख्य दरवाजे की सजावट हर मौसम में बदलते रहे। इससे आपके घर का आकर्षण बढ़ने के साथ ही बदल रहे प्रकृति के साथ सामंजस्य करने में आपकी सहायता करता है।
2. शयनकक्ष में दो गुलाबी रंग की मोमबत्ती जलाएं। इससे पार्टनर के बीच आकर्षण बढ़ता है। मोमबत्ती रोमांटिक मूड बनाता है वहीं गुलाबी रंग आकर्षण पैदा करता है।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

## ननकाना साहिब जाने में भी सफल होंगे हम: योगी

लखनऊ



यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी के प्रयासों से श्रद्धालुओं का पाकिस्तान स्थित करतारपुर साहिब जाना मुमकिन हुआ है व वह दिन दूर नहीं जब हम ननकाना साहिब जाने में भी सफल होंगे। योगी ने मंगलवार को गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कहा, गुरु नानक ने जिस पवित्र स्थल करतारपुर साहिब में अपना आखिरी वक्त गुजारा था, उस स्थान पर अब सभी श्रद्धालु जा पाएंगे। इसके लिए वह पीएम मोदी को बधाई देते हैं। वह दिन दूर नहीं जब हम गुरु नानक की जन्मस्थली ननकाना साहिब जाने में सफल होंगे। सीएम ने बाबर का जिक्र करते हुए कहा कि बाबर के अत्याचारों से थर्रा रही धरती पर उसे जाबर (अत्याचारी) कहने का साहस सिर्फ गुरु नानक ने किया था।

## लंगर में सेवा...



**मिर्जापुर** : सिख गुरु नानक देव जी की 550 वीं जयंती के अवसर पर गुरुद्वारे में लंगर के लिए रोटियां तैयार करती महिला श्रद्धालु।

### भूमि विवाद: महिला की पीट-पीटकर हत्या, पति की हालत गंभीर

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर में हबीबपुर थाना क्षेत्र के लाजपत नगर में सोमवार की देर रात भूमि विवाद में महिला जूली देवी (30) की पीटकर हत्या कर दी गई। महिला का पति अनिल मंडल (50) गंभीर अवस्था में मायागंज जेएलएनएमसीएच में भर्ती है। पुलिस ने मृतका की सौतन सरिता देवी के फर्द बयान पर दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम में भेजने की प्रक्रिया चल रही है। सरिता ने बताया कि उसके पति, सौतन लाजपत नगर सत्तू के दुकान पर सोए थे। जबकि, वह अपने बच्चों के साथ बाधरपुर घर पर सो रही थी। रात करीब दो बजे उनके गांव के कैलाश मंडल, उनके दो बेटे नीतू मंडल और श्याम मंडल दुकान में घुसकर अनिल व कोली को लाठी-खंती व भाला से बेरहमी से पीट कर घायल कर दिया। इस पर वह पूरे परिवार के साथ वहां पहुंची व देखा कि तीनों घर से निकलकर भाग रहे थे।

- सौतन के बयान पर केस दर्ज, कार्रवाई शुरू

## विधायक को बदनाम करने की साजिश रचने पर हिरासत में पीए, बनाया था प्राइवेट वीडियो

एजेंसी ⏭ बोकारो (झारखंड)

- मामले में चास के बड़े नेता नाम का चर्चा में

बोकारो विधायक बिरंची नारायण का निजी वीडियो बनाने, वायरल करने के आरोप में सिटी पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लिया है। आरोपियों में विधायक के पूर्व पीए आदित्य भी है। एसपी पी मुरुगन, हेडक्वाटर डीएसपी सतीश चंद्र झा, सिटी डीएसपी ज्ञानरंजन जरीडीह थाने में आरोपियों से पूछताछ कर रहे हैं। पीए ने ही विधायक की छवि को धूमिल करने की साजिश रची। इसमें उनकी पार्टी के कई नामचीन लोग शामिल हैं। वीडियो वायरल होने के बाद विधायक के वर्तमान पीए व चास बीडीओ की शिकायत पर सिटी पुलिस ने दो प्राथमिकी दर्ज की थी। जांच के दौरान सिटी डीएसपी के नेतृत्व में टेक्निकल सेल ने सबसे पहले मामले के सबसे बड़े सूत्रधार को कब्जे में लिया। इसके बाद तार से तार जुड़ते गए। यह संख्या बढ़ सकती है। एसपी ने मामले पर जबाव नहीं दिया, पर हेडक्वाटर डीएसपी ने विधायक के पूर्व पीए को हिरासत में लेकर पुछताछ की पुष्टि की है। मामले में चास के बड़े नेता नाम का चर्चा में है। इसके अलावा बीजेपी आलाकमान को जिले के सभी मंडल के नेतृत्व इसकी शिकायत करेंगे। एसपी के निर्देश पर वीडियो को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस मामले की हर स्तर पर जांच कर रही है।

### जेवीएम ने दूसरी सूची में घोषित किए 37 प्रत्याशी

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पूर्व सीएम बाबू लाल मरांडी की पार्टी झारखंड विकास मोर्चा (जेवीएम) ने 37 उम्मीदवारों की दूसरी सूची मंगलवार को जारी की। आपको बता दें पार्टी की पहली सूची में 9 उम्मीदवारों के नाम थे। विपक्षी गठबंधन से अलग जेवीएम ने विस की सभी 81 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी की है। लिस्ट में सबसे प्रमुख नाम प्रदीप यादव का है जिसे पार्टी ने पोडैयाहाट से चुनावी मैदान में उतारा है। लोहरदगा से पवन तिग्गा, तमाड़ से प्रेम शाही मुंडा, हटिया से शोभा यादव को पार्टी ने टिकट दिया है।

- पोडैयाहाट से चुनावी मैदान में उतारे प्रदीप

### स्वदेशी चीजों को बढ़ावा देने का संदेश दिया

## स्वदेशी कपड़ों में रैम्प पर उतरी महिलाएं

एजेंसी ⏭ गोरखपुर (उप्र)

वनटांगिया समुदाय की महिलाओं ने 'पूर्वी महोत्सव' में रैम्पवॉक कर स्वदेशी चीजों को बढ़ावा देने का संदेश दिया। गोरखपुर में आयोजित पूर्वी महोत्सव में वनटांगिया महिलाएं सोमवार को रैम्प पर उतरीं। फैशन शो की आयोजक संस्था की अध्यक्ष सोनिका सिंह ने बताया कि स्वदेशी चीजों को बढ़ावा देने के लिये आयोजित कार्यक्रम में वनटांगिया समुदाय की 15 महिलाएं अलग-अलग स्वदेशी परिधान में रैम्प पर उतरीं। वनटांगिया महिलाओं की रैम्पवॉक से समाज में संदेश पहुंचाने की कोशिश की गई कि स्वदेशी वस्तुओं को भी डिजाइनर कपड़ों की तरह डिजाइन किया जा सकता है। महिलाओं को ट्रेनिंग देने वाले बलराम सैनी ने बताया कि वनटांगिया महिलाओं के परिवारों को उन्हें फैशन शो में हिस्सा लेने की इजाजत देने के लिये मनाना सबसे मुश्किल काम था। मगर कोशिश करने पर वे मान गये। वनवासी महिलाओं को रैम्प पर चलने में काफी हिचक महसूस हो रही थी। उनमें आत्मविश्वास लाना बड़ी चुनौती थी। मैं बहुत खुश हूं कि रैम्प पर उनमें वह विश्वास नजर आया।




### योगी के सीएम बनने के बाद आया बदलाव

आदिवासियों की बिरादरी वनटांगिया पूर्व में बिजली, पानी व स्वास्थ्य सुविधाएं तो दूर, वर्ष 2017 तक वोटिंग से महरूम थीं। योगी आदित्यनाथ के सीएम बनने के बाद वनटांगिया लोगों का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ा गया। वनटांगिया के गांवों को राजस्व ग्राम का दर्जा देकर विकास की कई योजनाएं शुरू की।

### झारखंड में भी एनडीए टूटा

## लोजपा व आजसू ने पकड़ी अलग राह

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नईदिल्ली

महाराष्ट्र में शिवसेना से मिले झटके से अभी भाजपा उबरी भी नहीं थी कि झारखंड में भी एनडीए का गठबंधन खटाई में पड़ गया है। जद यू के पहले ही अलग हो जाने के बाद अब बचे दो घटक दलों लोजपा और आजसू ने भी अलग राह पकड़ ली है।

गौरतलब है कि भाजपा ने 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए अपने 52 उम्मीदवारों की पहली सूची गत रविवार को ही जारी कर दी थी। बाकी बची 29 सीटों को लेकर सहयोगी दलों लोजपा और आजसू के साथ बातचीत चल रही थी। बताया जा रहा है कि आजसू इस बार 19 सीटों पर अपनी दावेदारी कर रहा था तो चिराग पासवान की लोजपा 7 सीटों पर अड़ी हुई थी। जबकि भाजपा का इस बार भी 2014 की तरह लोजपा को महज एक सीट और आजसू के लिए एक दर्जन सीट छोड़ने का प्रस्ताव दिया था। जो दोनों दलों को रास नहीं आया। लोजपा ने 50 उम्मीदवारों की अपनी सूची जारी कर दी है तो वहीं आजसू ने भी 12 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही झारखंड में एनडीए के घटक दल अब पूरी तरह से बिखर कर अलग-अलग चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिए हैं। जदयू मुखिया नीतीश कुमार ने ही पहले ही कह रखा था कि वे झारखंड में अलग चुनाव लड़ेंगे।



- लोजपा ने की 50 उम्मीदवारों की सूची जारी, आजसू भी घोषित कर चुकी है 12 प्रत्याशी
- झारखंड में अलग चुनाव लड़ने की बात पहले ही कह चुके हैं जदयू मुखिया नीतीश

### बेहतर स्थिति में यूपीए

हालांकि इस लिहाज से यूपीए कमोवेश एनडीए से बेहतर स्थिति में है। लेकिन बाबूलाल मरांडी का झारखंड विकास मोर्चा अलग चुनाव लड़ने का ऐलान पहले ही कर चुका है। जबकि एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवेसी ने 35 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। वे भी यूपीए के ही अल्पसंख्यक वोट बैंक में सेंध लगाएंगे।